वर्ष-14, अंक-302

पृष्ठ–8 मूल्य 2 रूपया


**आज का विचार**

कोई भी जन्म से बुद्धिमान नहीं होता, क्योंकि ज्ञान अपने प्रयासों से ही प्राप्त होता है।
– टी. कृष्णमाचार्य


# सिटी चीफ

सम्पूर्ण भारत मे चर्चित हिन्दी अखबार

इंदौर, रविवार 04 फरवरी 2024

CITYCHIEFSENDMENEWS@GMAIL.COM




पेज–04

## हेमंत सोरेन की आमने-सामने बैठाकर ईडी करेगी पूछताछ



**रांची** । बहुचर्चित लैंड स्कैम मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने हेमंत सोरेन के बाद मास्टरमाइंड तत्कालीन राजस्व अपनिरीक्षक भानु प्रसाद को गिरफ्तार कर लिया है. ईडी ने 31 जनवरी को ही भानु प्रताप प्रसाद को इस मामले में प्रोडक्शन पर लेने के लिए पीएमएलए की विशेष अदालत में आवेदन दिया था. शनिवार को भानु प्रताप का प्रोडक्शन ईडी को मिल गया था. वहीं अब सोमवार को ईडी ने भानु प्रताप को रिमांड पर लेने के लिए कोर्ट में आवेदन देगी. साल 2023 में 14 अप्रैल को बरियातू के सेना जमीन घोटाले में ईडी ने भानु को गिरफ्तार किया था. भानु के ठिकानों पर छापेमारी की गई थी, तब उसके यहां से कई ट्रक कागजात मिले थे, जिसमें बड़गई अंचल के रजिस्टर1 व रजिस्टर 2, डीड सहित कई कागजात मिले थे.स पूरे मामले में सबसे पहले भानु ने ही खुलासा किया था कि 8.50 एकड़ जमीन के सर्वे का आदेश सीएमओ से आया था. हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी से पहले ईडी ने इस मामले में भानु के प्रोडक्शन का आवेदन दिया था. इस मामले में आरोपी नंबर 1 भानु ही होगा, जबकि दूसरे आरोपी तत्कालीन सीएम हेमंत सोरेन होंगे.मीडिया रिपोर्ट में बताया गया है कि ईडी टीम हेमंत सोरेन और भानु प्रताप प्रसाद को आमने–सामने बैठाकर पूछताछ कर सकती है. प्राप्त जानकारी के मुताबिक ईडी के जांच अधिकारी ने भानु प्रताप प्रसाद को रिमांड पर लेने का आवेदन ईडी कोर्ट में दिया है. कोर्ट से अनुमति मिलते ही आगे की प्रक्रिया ईडी की ओर से प्रारंभ की जाएगी. फिलहाल हेमंत सोरेन ईडी के रिमांड पर सात फरवरी तक रहेंगे. संभावना है कि हेमंत सोरेन को लेकर ईडी रिमांड बढ़ाने की मांग कर सकती है. ईडी बड़गाई अंचल क्षेत्र की 8.46 जमीन घोटाले के बाद ही हेमंत सोरेन को पूछताछ के लिए समन जारी कर 14 अगस्त को पहली बार बुलाया था. भानु प्रताप सेना के कब्जे वाली जमीन घोटाले में 13 अप्रैल 2023 से जेल में है.

### फरवरी-मार्च में कभी भी हो सकता है कार्यक्रम

## इंदौर की रिंग रोड की आधारशिला प्रधानमंत्री से रखवाने की तैयारी



**इन्दौर।** शहर के चारों तरफ बनने वाली रिंग रोड के भूमिपूजन की तैयारी शुरू हो गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों प्रोजेक्ट की आधारशिला रखवाने की तैयारी आंतरिक स्तर पर की जा रही है। माना जा रहा है कि प्रधानमंत्री से समय लेकर फरवरी–मार्च में कभी भी इंदौर की इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखवाई जाएगी। कोशिश यह भी है कि कार्यक्रम के लिए पीएम मोदी खुद इंदौर आएं। सडक़ परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय इसी जुगत में भिड़ा है। इंदौर की 139 किलोमीटर लंबी रिंग रोड निर्माण की कवायद तेजी से हो रही है। इसके निर्माण पर लगभग 4200 करोड़ रुपए से ज्यादा खर्च होने का अनुमान है। पूर्वी और पश्चिमी रिंग रोड बनाने के लिए, जमीन अधिग्रहण प्रक्रिया भी तेजी से शुरू हो गई है। नेशनल हाईवेज अथॉरिटी आफ इंडिया ने राज्य सरकार और इंदौर जिला प्रशासन से मार्च तक जमीन अधिग्रहण की प्रक्रिया पूरी करने का आग्रह किया है, ताकि जल्द से जल्द दोनों तरफ की रोड का काम शुरू हो सके।

### मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क का भी हो सकता है कार्यक्रम

आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि यह भी संभावना है कि प्रधानमंत्री के हाथों पीथमपुर में बनने वाले मल्टीमॉडल लॉजिस्टिक्स पार्क के काम की शुरुआत भी कराई जाए। हालांकि, इसे लेकर अंतिम फैसला पीएमओ ही लेगा। इस प्रोजेक्ट की कुल लागत 1111 करोड़ रुपए है।

## प्रदूषण वाले शहरों में बढ़ रहे कैंसर के मामले, हवा-सब्जी-पानी सबमें प्रदूषण

पर्यावरण प्रदूषण अब एक वैश्विक घटना है और इसका प्रभाव विश्वस्तर पर कई क्षेत्रों में स्पष्ट है। पर्यावरण प्रदूषण कैंसर के मामलों में अपना प्रभाव दिखा रहा है। देश के कई शहरों में प्रदूषण खतरनाक स्तर पर पहुंच रहा है। ऐसे में बढ़ती कैंसर की घटनाओं, बदलते कैंसर के रुझान और पर्यावरण प्रदूषण की समीक्षा करने की जरूरत है। देश में कैंसर के बोझ और प्रकार के सबसे हालिया सबूत, भारत में अंतर्निहित प्रदूषण प्रवृत्तियों को उजागर करते हैं। वर्तमान समय में कैंसर के मरीज दिन–प्रतिदिन बढ़ रहे हैं, इसका मूल कारण प्रदूषण ही है। वायु प्रदूषण से त्वचा का कैंसर बढ़ रहा है, वहीं जहरीली गैसों के कारण फेफड़ों का कैंसर भी लोगों में फैल रहा है। इसके अलावा खेतों में छिड़काव की जाने वाली दवाइयां भी कैंसर का कारण बन रही हैं। खासकर सब्जियों पर छिड़कीं जाने वाली कीटनाशक दवाइयों से भी कैंसर फैलता है। हमारी जीवनशैली में परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण के प्रयासों को तेज करके कैंसर से बचा जा सकता है।

## आर्थिक तंगी से परेशान महिला ने चार बेटियों के साथ खाया जहर



**अशोकनगर ।** मध्यप्रदेश के अशोकनगर जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां चंदेरी थाना क्षेत्र के ग्राम शंकरपुर में शनिवार शाम एक महिला ने अपनी चार बेटियों को जहर दे दिया। इसके बाद उसने खुद भी कीटनाशक पीकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। हालत बिगड़ने पर स्थानीय लोगों ने उन्हें सिविल अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद सभी को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। खबर लिखे जाने तक बड़ी बेटी और मां की हालत नाजुक बताई जा रही है, जबकि तीन बेटियां पूरी तरह से स्वस्थ हैं। जानकारी के अनुसार, ग्राम शंकरपुर निवासी रश्मि (37) पत्नी राकेश यादव अपने पांच बच्चों को आटो से लेकर चंदेरी गई और वहां कीटनाशक दवा खरीदी। इसके बाद वापस लौटते समय प्राणपुर गांव के पास उसने अपनी चार बेटियों–मुस्कान (13), रागनी (11), प्रियांशी (9) और इछा (6) को कीटनाशक पिला दिया। इसके बाद महिला ने भी इसे पी लिया। हालांकि, उसने अपने तीन साल के बेटे शिव को जहर नहीं दिया था। इसके बाद सभी सड़क पर ही उल्टियां करने लगे। सड़क से निकल रहे लोगों ने उन्हें उल्टियां होते देखा तो पास में ही पड़ी कीटनाशक पर नजर चली गई। इसके बाद तत्काल सभी को उपचार के लिए चंदेरी सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सतपैया गांव के रहने वाले कुंमरराज ने बताया कि उनका साला राकेश अकेला ही है। जब उसकी 6 साल की उम्र थी, तब उसके माता–पिता का निधन हो गया था, जिसके बाद से वह बहन के पास ही रहता था। तीन साल पहले अचानक उसकी मानसिक स्थिति खराब हो गई, जिसके वह इधर–उधर भटकने लगा। इस समय परिवार की आर्थिक स्थिति काफी खराब है। राकेश अपनी पत्नी रश्मि के साथ मारपीट भी करता था। इससे परेशान होकर रश्मि ने अपनी चार बेटियों को जहर देकर खुद भी आत्महत्या करने का प्रयास किया।

### खरगे का प्रधानमंत्री पर हमला, कहा-

## सबका साथ-सबका विकास नारा दिया लेकिन कर दिया सबका सत्यानाश



**नई दिल्ली ।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर युवाओं, महिलाओं किसानों और गरीबों को धोखा देने का आरोप लगाया और दावा किया कि भले ही 'सबका साथ, सबका विकास' का नारा दिया गया हो, लेकिनसबका सत्यानाश किया गया है। उन्होंने यहां 'न्याय संकल्प सम्मेलन' में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वो न्याय के लिए लड़ाई में राहुल गांधी का साथ दें। खरगे ने यह दावा भी किया कि झारखंड में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस के विधायकों को तोड़ने का प्रयास किया, लेकिन वह सफल नहीं हो सकी क्योंकि सभी विधायक डटकर खड़े रहे। उन्होंने आरोप लगाया,ये लोग (भाजपा) कहते हैं कि भाजपा सिद्धांत वाली पार्टी है। यह किस तरह का सिद्धांत है। जिस आदमी को ये लोग पहले भ्रष्ट कहते हैं और जेल में डालते हैं, जब वही भाजपा में शामिल हो जाता है तो क्लीन हो जाता है। ऐसा इसलिए है क्योंकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह के पास एक बहुत बड़ी वाशिंग मशीन है। उन्होंने यह आरोप भी लगाया कि भाजपा भावनात्मक कार्ड और धार्मिक कार्ड खेलती है। खरगे ने दावा किया,मोदी जी का नारा था- सबका साथ, सबका विकास लेकिन उन्होंने सबका सत्यानाश कर दिया है। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा,पिछले 21 दिन से 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' चल रही है। राहुल गांधी जी इस यात्रा में 'न्याय के 5 स्तंभ' लेकर निकले हैं। राहुल गांधी जी जनता के हक के लिए लड़ रहे हैं। हर कांग्रेस कार्यकर्ता में जोश आना चाहिए कि यह लड़ाई किसी एक के लिए नहीं, बल्कि संविधान की रक्षा के लिए है। उन्होंने दावा किया,अगर आप इस लड़ाई में कांग्रेस का साथ नहीं देगें तो आप प्रधानमंत्री मोदी के गुलाम हो जाएंगे। खरगे का कहना था,आज हर अख़बार में 'मोदी की गारंटी' लिखा रहता है। मोदी जी की गारंटी थी- हर साल 2 करोड़ नौकरियां, लोगों के खाते में 15–15 लाख रुपये, लेकिन मोदी जी ने कुछ भी नहीं दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री मोदी ने सिर्फ युवाओं, महिलाओं, किसानों और गरीबों को धोखा देने का काम किया। खरगे के मुताबिक, कांग्रेस ने जो भी वादा किया, उसे पूरा करके दिखाया। उन्होंने कहा, 'आज देश के सरकारी विभागों में 30 लाख पद खाली हैं। प्रधानमंत्री मोदी नौकरियां इसलिए नहीं दे रहे हैं, क्योंकि इसमें आरक्षण से एससी, एसटी और ओबीसी के लोग आएंगे।

### मनचलों को सीएम योगी की चेतावनी

## 'बेटी को छेड़ा तो' राम नाम सत्य...



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. इसमें वे प्रदेश में महिला सुरक्षा की करते नजर आ रहे हैं. उन्होंने महिलाओं की सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए कहा कि अगर किसी ने बदमाशी करने का प्रयास किया, किसी बहन–बेटी को छेड़ने की कोशिश की, तो अगले चौराहे पर पुलिस उसे दबोच लेगी. वह भाग नहीं पाएगा. तब उसका राम नाम सत्य हो जाएगा. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शनिवार को मगहर में संत कबीर की समाधी पर पहुंचे और चादर चढ़ाई. इस दौरान महोत्सव के समापन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि जब देश शक्तिशाली होता है, तो समृद्ध भी होता है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश तेजी से पांचवीं अर्थव्यवस्था बना है. अलगी बार केंद्र में सरकरा आई तो, भारत तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनकर उभरेगा. सीएम योगी ने कहा कि समृद्धशाली हो रहे देश में 24 करोड़ और प्रदेश में 6 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं. सभी को बिना किसी भेदभाव के योजनाओं का लाभ मिल रहा है. इस दौरान उन्होंने 360 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण–शिलान्यास किया. सीएम योगी ने कहा कि संतकबीरनगर अपना कॉलेज है, इसके लिए जमीन चिन्हित करिए. इसके लिए सुरक्षा का माहौल भी होना चाहिए. सीएम की मनचलों को चेतावनी सीएम योगी ने कहा कि इंटीग्रेटेड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर जहां से एक ही जगर पर बैठकर पूरे नगर और जनपद के प्रमुख स्थानों की सीसीटीवी से एक–एक जगह की जानकारी वहां पर कैद होती रहेगी. सीएम योगी आपराधियों को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर किसी ने बदमाशी करने का प्रयास किया. किसी बहन और बेटी को छेड़ने की कोशिश की, तो अगले चौराहे पर पुलिस उसे दबोच लेगी, वह भाग नहीं पाएगा. तब उसका रामनाम सत्य हो जाएगा.

## अरविंद केजरीवाल के बाद अब आतिशी के घर पहुंची क्राइम ब्रांच की टीम, विधायकों की खरीद-फरोख्त का है मामला



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) की ओर से बीजेपी पर विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के आरोप का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। ताजा मामले में दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की टीम आज रविवार को दिल्ली सरकार में मंत्री और आम आदमी पार्टी की नेता आतिशी के आवास पर पर पहुंची है। क्राइम ब्रांच के पुलिस अधिकारी भाजपा के खिलाफ आप विधायकों को खरीदने की कोशिश करने के आम आदमी पार्टी के आरोप के संबंध में नोटिस देने के लिए आतिशी के घर पहुंचे हैं। इससे पहले शनिवार को विधायकों की खरीद–फरोख्त मामले को लेकर क्राइम ब्रांच की टीम नोटिस देने के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल के घर पहुंची थी। दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल के साथ ही कैबिनेट मंत्री आतिशी भी दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच का नोटिस स्वयं रिसीव नहीं करेंगी। आतिशी ने अपने कैंप ऑफिस के अधिकारी को नोटिस रिसीव करने के निर्देश दिए हैं। बता दें कि दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच आम आदमी पार्टी के उस आरोप की जांच कर रही है जिसमें आप ने भाजपा पर उनकी सरकार गिराने के लिए 25–25 करोड़ में उनके विधायक खरीदने का प्रयास करने का आरोप लगाया है। इसी मामले में पुलिस सबूत मांगने के लिए सरकार को नोटिस दे रही है।

## टूटती-बिखरती कांग्रेस, हर जगह बगावत का खतरा



**नई दिल्ली।** चुनाव में मिल रही लगातार हार से मायूस कांग्रेसी अब पाला बदलकर अन्य दलों में शामिल होने लगे हैं। मध्यप्रदेश में कई कांग्रेसी नेताओं के भाजपा में शामिल होने के बाद अब बिहार, महाराष्ट्र में भी कांग्रेस में टूट के आसार बढने लगे हैं। बदली परिस्थिति में बिहार विधानसभा में नई एनडीए सरकार के विश्वासमत हासिल करने का कार्यक्रम तय होते ही कांग्रेस ने अपने विधायकों को दिल्ली बुला लिया है। शनिवार को पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने दिल्ली पहुंचने वाले सभी विधायकों के साथ बैठक की। साथ ही विधायकों को निर्देश दिए कि वे मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा सदन में बहुमत हासिल करने तक दिल्ली न छोड़े। इससे पहले जदयू ने दावा किया था कि कांग्रेस के 9 से ज्यादा विधायक उनके संपर्क में हैं। हालांकि कांग्रेस ने इसका खंडन किया था। लोकसभा चुनाव से पहले कांग्रेस पार्टी को महाराष्ट्र में बड़ा झटका लग सकता है। मिलिंद देवड़ा ने हाल ही में कांग्रेस का साथ छोड़ दिया था। इसके बाद पूर्व मंत्री और बांद्रा विधायक बाबा सिद्दीकी 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के अजीत पवार गुट में शामिल हो सकते हैं। भाजपा के मौन समर्थन के साथ अजित पवार गुट मुंबई कांग्रेस से दो अन्य प्रमुख मुस्लिम नेताओं के साथ–साथ 15 विधायकों को भी शामिल करने पर विचार कर रहा है। उनमें मुंबादेवी विधायक अमीन पटेल और मलाड पश्चिम से विधायक असलम शेख भी शामिल हैं। बाबा सिद्दिकी के बेटे जीशान वर्तमान में बांद्रा पूर्व से विधायक हैं। उनके भी इस साल के अंत में होने वाले महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले अजीत पवार गुट में शामिल होने की संभावना है। हालांकि उन्होंने कहा है कि अजित पवार उनके लिए परिवार के सदस्य की तरह हैं।


## सावधान जाहिर सूचना

**ग्राम गोकन्या हल्का शिवनगर रा.नि.मं. सिमरोल तहसील महू जिला इन्दोर म.प्र खसरा न. 72 वा अन्य खसरो कृषि भूमि के सम्बन्ध मे।**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम गोकन्या हल्का शिवनगर रा.नि.मं. सिमरोल तहसील महू जिला इन्दोर म.प्र मे स्थित कृषि भूमि विजय पिता राम भरोसे तिवारी से छल कर फरेब से सोची समझी चाल चल कर जिसका खसरा नंबर 72 वा अन्य खसरो को लिख कर 8 विक्रय पत्रो के लिए कूटरचित भाषा लिख कर दस्तावेज तयार कर वा फर्जी चेको को दे कर जालसाजी और 420 से विक्रय पत्रों का पंजीयन करवाया गया है इन सभी के नाम इस प्रकार है सुमित प्रकाश पाटनी पिता मणिक चन्द पाटनी, अरुणा पाटनी पति सुमित प्रकाश पाटनी,अनिल कुमार पंवार पिता मोहन सिंह पंवार, राहुल जैन पिता राकेश जैन, आनंद कसेरा पिता लक्ष्मणदास कसेरा राकेश जैन पिता स्व.नवीन चन्द जैन,पार्वती जैन पति बक्षीराम जैन, पवन जैन पिता बक्षीराम जैन इन सभी के खिलाफ पुलिस में जांच चल रही है कोर्ट में केस पेंडिंग है अत- कृषि भूमि खसरा नंबर 72 वा अन्य खसरो का सौदा किया गया था जिसका भुगतान राशि चेको के माध्यम से की गई थी पर चैक अनादरण होने से सौदा 2018 में निरस्त किया जा चुका है जिसकी सूचना पेपर विग्यप्ति के माध्यम से पहले ही सूचना दी जा चुकी है अत- इन सभी विक्रय पत्रो के संदर्भ मे किसी भी व्यक्ति, संस्था या बैंक आदि से कर्ज हेतू प्राप्त करता है या इन रजिस्ट्री के माध्यम से विक्रये करता है तो इस की जवाब देयी किसान भूमि मालिक की नही होगी
अत :होने पर पुलिस कार्रवाई की जाएगी।

## सिंगल कॉलम

### भाजपा ने अपने क्लस्टर प्रभारियों के प्रभार क्षेत्र में किया बदलाव, इन्हें मिली नई जिम्मेदारी

*इंदौरः भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां शुरू कर दी है ऐसे में चुनाव को लेकर लगातार बैठकों का दौर जारी है। आज बीजेपी प्रदेश कार्यालय में बीजेपी की अहम बैठक ) हुई, जिसमे पार्टी ने सभी क्लस्टर प्रभारियों के प्रभार क्षेत्र ( में बदलाव किया, इस बैठक के बाद नए सिरे से क्लस्टर का बंटवारा हुआ है।*

### संभाग के कालेज संचालक और प्राचार्य को मिलेगी डिजीलाकर पंजीयन की जानकारी

*उच्च शिक्षा विभाग छात्र हितों को ध्यान में रखते हुए छात्रों के लिए डिजिलाकर को अनिवार्य करने जा रहा है। यह कितना जरूरी है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि छात्र अब बिना डिजिलाकर पर दस्तावेज अपलोड किए न प्रवेश ले सकेंगे और न परीक्षा फार्म भर सकेंगे, यानी अब सबसे पहले छात्रों का पंजीयन एबीसी (अकादमिक) बैंक आफ क्रेडिट में किया जाना अनिवार्य है। अगर ऐसा नहीं होता है तो छात्रों को इसका सीधा खामियाजा भुगतना होगा। इसके लिए जीवाजी विश्वविद्यालय एक विशेष बैठक का आयोजन छह फरवरी को करने जा रहा है। इसमें जेयू से संबद्धता प्राप्त अग्रणी कालेजों के प्राचार्य और संचालकों को शामिल होना होगा।बैठक में सिखाएंगे प्रक्रिया जीवाजी विश्वविद्यालय द्वारा बुलाई गई बैठक में एबीसी में पंजीयन की पूरी प्रक्रिया समझाई जाएगी। यह भी बताया जाएगा कि किस प्रकार डिजिलाकर में छात्रों की मार्कशीट अपलोड की जानी है। बता दें कि इस बैठक में ग्वालियर चंबल संभाग के सभी अग्रणी कालेजों के प्राचार्य व संचालकों को शामिल होंगे। यह बैठक छह फरवरी को दोपहर 12.30 बजे विश्वविद्यालय के टंडन सभागार में होगी। उच्च शिक्षा विभाग ने स्पष्ट किया है कि कालेज और विश्वविद्यालयों को नोडल अधिकारी नियुक्त करना होंगे, जो पीपीटी प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्रों को एबीसी में रजिस्ट्रेशन कर उनकी आइडी बनवाने में मदद करेंगे। वहीं आइडी बनाने के बाद इसका सत्यापन भी कालेज को ही करना होगा। यह काम सभी कालेजों को 31 मार्च के पहले कराना होगा, ताकि आगामी परीक्षा परिणामों के बाद विद्यार्थियों को दी जाने वाली अंकसूची भी डिजिलाकर में रखी जाएगी।*

### गांव-कस्बों की खेल प्रतिभाओं को उभारने सरकार कटिबद्धः केन्द्रीय मंत्री सिंधिया

*ग्वालियर। केन्द्रीय नागर विमानन व इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कहा कि दूरस्थ गांव व कस्बों से भी खेल प्रतिभाएं उभरकर सामने आएं और वे विश्व पटल पर भारत का परचम लहराएं। इसी उद्देश्य से जिला स्तरीय सांसद खेल महोत्सव का आयोजन किया गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशा के अनुरूप ग्वालियर सहित संभाग के अन्य जिलों में इसी प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की जा रही हैं। सरकार खेल प्रतिभाओं को उभारने के लिए कटिबद्ध है। यह बात केन्द्रीय मंत्री सिंधिया ने शनिवार को फूलबाग मैदान पर जिला स्तरीय सांसद (राज्यसभा) खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सभी लोग मिलजुलकर अगले साल से यह प्रतियोगिता वार्षिक उत्सव की तर्ज पर आयोजित करें, जो सात दिन तक चले।जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह में जिले के सभी 6 विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के 1478 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। उद्घाटन समारोह के आरंभ में स्कूली बच्चों ने लाठीबाजी व तलवारबाजी का रोमांचक प्रदर्शन किया। भुवन स्कूल के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने बैंड की मनमोहक प्रस्तुति दी। इस अवसर पर ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विधायक मोहन सिंह राठौर, लघु उद्योग विकास निगम की अध्यक्ष इमरती देवी, बीज व फार्म विकास निगम के अध्यक्ष मुन्नालाल गोयल, संत कृपाल सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, नगर निगम सभापति मनोज तोमर, पूर्व विधायक रमेश अग्रवाल व रामबरन सिंह गुर्जर, चैंबर आफ कामर्स के अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल व नगर निगम परिषद में नेता प्रतिपक्ष हरिपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण मंचासीन थे। कलेक्टर अक्षय कुमार सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश चंदेल, नगर निगम आयुक्त हर्ष सिंह, अपर कलेक्टर टीएन सिंह व जिला खेल अधिकारी जोसेफ बक्सला सहित प्रतियोगिता के आयोजन से जुड़े अन्य जनप्रतिनिधिगण व अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान ऊर्जा मंत्री तोमर ने ग्वालियर में जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता आयोजित कराने के लिये केन्द्रीय मंत्री सिंधिया के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि उन्होंने ग्वालियर को विकास की बड़ी-बड़ी सौगातें दिलाई हैं, जिससे ग्वालियर की तस्वीर बदल रही है। इसी कड़ी में उन्होंने ग्रामीण क्षेत्र की खेल प्रतिभाओं को मौका देने के लिये जिला स्तरीय खेल महोत्सव आयोजित कराया है। विधायक मोहन सिंह राठौर ने कहा कि ग्वालियर जिला विकास की नई उड़ान भर रहा है। केन्द्रीय मंत्री सिंधिया की पहल पर ग्वालियर में तमाम विकास कार्य मूर्त रूप ले रहे हैं, उन्होंने खेलों को बढ़ावा देने के लिये भी विशेष पहल की है। फूलबाग मैदान पर 3 फरवरी से शुरू हुई जिला स्तरीय सांसद खेल प्रतियोगिता 6 फरवरी तक चलेगी। प्रतियोगिता में आठ खेल विधाएं खो-खो, रस्साकसी, कबड्डी, वालीबाल, सितोलिया, पावर लिफ्टिंग, लम्बी कूद व गोला फेंक शामिल हैं।*

# एक सप्ताह में 10 डिग्री बढ़ा पारा, कम हुआ ठंड का असर, अब ऐसा रहेगा मौसम

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। जनवरी खत्म होते ही इंदौर और आसपास इलाकों से ठंड कम हो गई। दिन के साथ ही अब रात में भी तापमान बढ़ने लगा है। बीते सप्ताह रात में पारा दस डिग्री सेल्सियस से ऊपर ही रहा है। यही स्थिति अगले पूरे सप्ताह बनी रहेगी ठंड का असर कम होगाह मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के ऊपर पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। साथ ही दक्षिण-पश्चिम राजस्थान के ऊपर हवाओं का घेरा बना है। इसकी वजह से तापमान बढ़ रहा है। साथ ही हवाओं का रुख भी बदल रहा है। इससे ठंड का असर कम रहेगा। अगले सप्ताह इंदौर और आसपास के इलाकों के लिए शुष्क मौसम रहेगा। आसमान में हल्के बादल भी छाए रहेंगे। बावजूद इसके तापमान कम नहीं होगा।



अधिकतम तापमान 28 से 29 डिग्री सेल्सियस के बीच बना रहेगा। न्यूनतम तापमान 13 से 14 डिग्री सेल्सियस तक रहेगा।

इंदौर में लावारिस पड़ा मिला हैंड ग्रेनेड

# बम को निष्क्रिय करने मांगी गई सेना से मदद



**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर। शहर के द्वारकापुरी थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक हैंड ग्रेनेड मिलने से हड़कंप मच गया। ग्रेनेड राजा रामन्ना प्रौद्योगिकी केंद्र से महज 300 मीटर दूरी पर पड़ा था। उसकी सेफ्टी पिन भी निकली हुई मिली। पुलिस उपायुक्त ? जोन-चार आरके सिंह के मुताबिक रहवासी महेंद्र बामनिया ने सूचना दी थी कि प्रौद्योगिकी केंद्र के टर्फ मैदान के पास ग्रैनेड पड़ा है। पुलिसकर्मियों ने बम को कवर किया और पूरा रास्ता सील करवाया। बम निरोधक दस्ते (बीडीएस) के मुताबिक संभवतः यह बम सैन्य ट्रेनिंग सेंटर का है। पुलिस के अनुसार यह यहां कैसे पहुंचा, इसकी जांच की जा रही है। एसीपी नंदनी शर्मा के मुताबिक सावधानी के तौर पर आसपास के इलाके में सर्चिंग करवाई जा रही है। यहां आने वाले युवक और कबाड़ियों की भी जानकारी निकाली जा रही है। फिलहाल बम को निष्क्रिय करने के लिए सेना से मदद मांगी गई है।

# 36 हजार की सोयाबीन चोरी के मामले में तीन माह बाद हरकत में आई पुलिस

## अज्ञात बदमाशों पर केस दर्ज

**सिटी चीफ इंदौर।**
इंदौर रोड ग्राम निनौरा में 21-22 नवम्बर 2023 की रात बदमाशों ने सूर्यदेव नगर इंदौर में रहने वाले राजेश पिता नारायण उपाध्याय के गोडाउन का ताला तोड़कर 50-50 किलो सोयाबीन से भरे 18 कट्टे चोरी किए थे। इस मामले में नानाखेड़ा पुलिस ने 36 हजार की सोयाबीन चोरी होने पर शिकायती आवेदन लेकर जांच शुरू की थी। अब तीन माह बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात बदमाशों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान पुलिस को कुछ महत्वपूर्ण सुराग मिले हैं। वारदात में वाहन का उपयोग किया गया था, उस वाहन की जानकारी सामने आने पर पुलिस वाहन की तलाश में जुटी है। कुछ दिन पहले घट्टिया थाना क्षेत्र में भी वेयर हाउस से हजारों रुपये कीमत का




अनाज बदमाशों ने चोरी कर लिया था। ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार वेयर हाउस और गोडाउन को निशाना बनाया जा रहा है। आशंका यह भी जताई जा रही है कि पूरे जिले में एक ही गिरोह अनाज चोरी की वारदात को अंजाम दे रहा है।

# आदिवासी नाबालिग से गैंगरेप की घटना पर सिंधिया ने दिया बड़ा बयान

**सिटी चीफ इंदौर।**
ग्वालियर। मध्यप्रदेश के ग्वालियर पहुंचे केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने ग्वालियर में आदिवासी नाबालिग से गैंगरेप ( की घटना को लेकर एक बयान दिया है। जिसमें उन्होंने कहा कि जिन्होंने यह घिनौनी हरकत की है, उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। जो लोग ऐसी हरकत करना तो दूर करने की सोचे भी, ऐसा दंड दिया जाए, कि वह इस तरह की घटना के बारे में कभी मन में भी ख्याल ना ला पाए। गौरतलब है कि ग्वालियर जिले के भंवरपुर



गांव में आदिवासी नाबालिग के साथ चार आरोपियों ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था, जिसमें से पुलिस ने तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एक आरोपी की तलाश में पुलिस जुटी है। आदिवासी परिवार ने भंवरपुर गांव छोड़ दिया है। पुलिस ने कहा है कि उनके लिए वहां रहना खतरे से खाली नहीं है।

## सड़कों के गड्ढों की मॉनिटरिंग के लिए मप्र में बनेगा ऐप, आम नागरिक भेज सकेंगे फोटो

**सिटी चीफ इंदौर।**
भोपालः मध्य प्रदेश में सड़कों पर गड्ढों की मॉनिटरिंग अब 'पॉटहोल रिपोर्टिंग सिटीजन मोबाइल ऐप' के माध्यम से की जाएगी। इस ऐप के माध्यम से आम नागरिक अपने मोबाइल से गड्ढों की जियोटेग्ड फोटो खींच कर विभाग को जानकारी दे सकेंगे। इससे गड्ढों को समय से पहचान करने और तुरंत सुधार में मदद मिलेगी. मध्य प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने भोपाल में विभागीय अधिकारियों के साथ इस मोबाइल ऐप को लेकर चर्चा की. इस दौरान राकेश सिंह ने कहा कि पॉटहोल रिपोर्टिंग सिटीजन मोबाइल ऐप के माध्यम से आम नागरिक अपने मोबाइल से गड्ढों की जियोटेग्ड फोटो खींच कर विभाग को सूचित कर सकेंगे. वहीं गड्ढों का फोटो जीपीएस लोकेशन के साथ संबंधित एग्जिक्यूटिव इंजीनियर को प्राप्त होगा. इसके बाद समय-सीमा में सड़क सुधार कर संबंधित एग्जिक्यूटिव इंजीनियर इसका फोटो फिर से मोबाइल ऐप से लेंगे. इस प्रकार सड़क का काम होगा और इसकी सूचना संबंधित नागरिक को भी मिलेगी. राकेश सिंह ने कहा कि राज्य स्तर से शिकायतों की निगरानी और निराकरण सुनिश्चित किया जायेगा. मंत्री ने इस ऐप को जल्द तैयार कर उपयोग में लाने का निर्देश भी दिया. लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने निर्देश दिए हैं कि विभागीय कामों में नई तकनीकी का अधिक से अधिक प्रयोग किया जाए. बताया गया कि विभाग द्वारा नई तकनीक एफडीआर (फुल डेप्थ रिक्लेमिनेशन) तकनीकी से सड़क निर्माण कराए जाने की योजना है. इसके अंतर्गत मौजूदा रोड को बिना हटाए उसके ऊपर ही कई मशीनों के द्वारा रिक्लेमिनेशन सामग्री का उपयोग कर रोड निर्माण किया जाता है. इसमें समय की बचत के साथ-साथ निर्माण लागत में 15 से 30प्रतिशत तक कमी आती है. बैठक में मंत्री ने एफडीआर तकनीक का उपयोग शहरी मार्गों पर करने को लेकर विचार करने की बात भी कही. उन्होंने कहा कि प्रायोगिक तौर पर माइक्रोसर्फेसिंग और व्हाइट टॉपिंग के लिए जबलपुर और भोपाल में कुछ रास्तों का चयन किया जा सकता है. नई तकनीकों से किए जा रहे कामों के मूल्यांकन के लिए एक दल का गठन किया जा रहा है. मंत्री राकेश सिंह ने निर्देश दिए कि दो साल से अधिक देरी वाले प्रोजेक्ट की समीक्षा हर 15 दिन में की जाए. इसी के साथ नई सड़कों का चयन कर टेंडर का काम शुरू करें.

50 दिन की उम्र में बनवाए 36 डॉक्यूमेंट्स

# समृद्धि का वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन में नाम दर्ज

**सिटी चीफ इंदौर।**
मध्य प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले के रहने वाले एक दंपति की 50 दिन की बेटी समृद्धि का वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन ) में नाम दर्ज हुआ है. इस बेटी के परिजनों ने महज 50 दिन की उम्र में सरकारी और सार्वजनिक क्षेत्र और सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जीवन उपयोगी दस्तावेजों को बनवा लिया है. समृद्धि का नाम वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन की संस्था में दर्ज होने का प्रमाण पत्र भी मिल गया है दरअसल छिंदवाड़ा के रहने वाले प्रिया-मनीष बन्देवार की बेटी समृद्धि बन्देवार का जन्म 26 सितंबर 2023 को हुआ था. समृद्धि ने 50 दिन की उम्र में कई शासकीय और सरकार की विभिन्न योजनाओं से संबंधित जीवन उपयोगी दस्तावेजों को अर्जित कर लिया है. वहीं इस रिकॉर्ड में नाम दर्ज होने के बाद समृद्धि बन्देवार अब सर्वाधिक 36 दस्तावेजों की धारक विश्व की सबसे कम उम्र की बेटी बन गई हैं. कलेक्टर मनोज पुष्प ने प्रिया-मनीष बन्देवार को इस अद्भुत, सराहनीय कार्य के लिए बधाई देते हुए वर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड लंदन द्वारा जारी प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया है.

**समृद्धि के पिता ने क्या कहा?** समृद्धि के पिता मनीष बन्देवार ने बताया कि जागरूकता के अभाव और लापरवाही के कारण बहुत से परिजन अपने बच्चों के बुनियादी दस्तावेज जैसे जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड आदि तक नहीं बनवाते हैं. मेरे मन में बेटियों के प्रति आदर और सद्भाव के कारण मैंने अपनी बेटी के सभी आवश्यक दस्तावेजों को बनवाने का संकल्प लिया है. बेटियों के लिए चलाई जाने वाली सरकार की कुछ योजनाओं के बारे में जानकारी थी, लेकिन जब हमने कुछ और जानकारी जुटाई तो शासन द्वारा बेटियों के हित मे चलाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई. **इन योजनाओं में समृद्धि**



**का नाम दर्ज** इसके बाद हमने यह तय कर लिया कि हम बेटियों के कल्याण के लिए चलाई जाने वाली सभी योजनाओं में हमारी बेटी समृद्धि को हिस्सा बनाएंगे. समृद्धि के पिता ने आगे बताया कि टीकाकरण कार्ड, जन्म प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, समग्र सदस्य कार्ड, ग्रीन कार्ड, लाड़ली लक्ष्मी योजना का प्रमाण पत्र, पेन कार्ड, पासपोर्ट, आयुष्मान भारत स्वास्थ्य खाता, स्थानीय निवासी प्रमाण-पत्र, केन्द्र शासन का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र, राज्य शासन का स्थायी जाति प्रमाण-पत्र, डिजी लॉकर खाता, पोस्ट ऑफिस बचत खाता, आर.डी.खाता, सुकन्या समृद्धि योजना खाता, एनएससी, किसान विकास पत्र, महिला सम्मान बचत पत्र में नाम दर्ज है। इसके अलावा पीपीएफ, फिलाटेलिक डिपोजिट खाता, माय स्टाम्प, एमआईएस, एक वर्षीय टर्म डिपोजिट, 2 वर्षीय टर्म डिपोजिट, 3 वर्षीय टर्म डिपोजिट, 5 वर्षीय टर्म डिपोजिट, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया बचत खाता, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया चेक बुक, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया बचत खाता, स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया चैक बुक, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया ए.टी.एम., यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बचत खाता, एल.आई.सी. एजुकेशन प्लान, एलआईसी कन्यादान प्लान और निप्पॉन इंडिया म्यूचुअल फंड के मिलाकर कुल 36 दस्तावेजों में भी नाम दर्ज हो चुका है।

**समृद्धि के पिता ने बेटियों के माता-पिता से की ये अपील** उन्होंने कहा कि सूबेदार नरेंद्र सिंह बेस मेमोरियल फाउंडेशन के चेयरमैन और मध्य प्रदेश पुलिस में डीएसपी के पद पर कार्यरत प्रदीप वाल्मीकि की वजह से हमारी मेहनत रंग लाई और वर्ल्ड बुक ऑफ द रिकॉर्ड्स में नाम दर्ज हुआ. समृद्धि के पिता ने कहा कि इन जीवन उपयोगी दस्तावेजों को बनवाकर हमने शासन की योजनाओं के माध्यम से बेटियों के मान-सम्मान को समाज में और सशक्त बनाया है, जो और भी लोगों के लिए प्रेरणादायी हो सकता है. उन्होंने बेटियों के माता-पिता और स्वजनों से अपील की है कि वह बेटियों के सशक्तिकरण, सम्मान और भविष्य के लिए बेटियों से संबंधित सभी शासकीय दस्तावेजों को बनवाकर बेटियों के उज्जवल भविष्य की दिशा में काम करें।

# सिर पर सर्प और भस्म रमाकर अद्भुत दिखे महाकाल

## हजारों भक्तों ने किए दिव्य स्वरूप के दर्शन

**सिटी चीफ इंदौर।**
विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर मंदिर में आज पोष कृष्ण पक्ष की नवमी रविवार पर तड़के भस्म आरती के दौरान चार बजे मंदिर के पट खुलते ही पण्डे पुजारी ने गर्भगृह में स्थापित सभी भगवान की प्रतिमाओं का पूजन कर भगवान महाकाल का जलाभिषेक और दूध, दही, घी, शक्कर फलों के रस से बने पंचामृत पूजन किया। इसके बाद गया। कपूर आरती के बाद भगवान के मस्तक पर मुकुट सूर्य, चंद्र, सर्प, बिल्व पत्र और ? अर्पित कर भगवान महाकाल का शृंगार किया गया इस दौरान बाबा महाकाल ने



पीताम्बर भी धारण किया। शृंगार पूरा होने के बाद ज्योतिर्लिंग को कपड़े से ढांककर भस्मी रमाई गई। भस्म अर्पित करने के पश्चात भगवान महाकाल को रजत मुकुट, रजत की मुण्डमाल और रुद्राक्ष की माला के साथ साथ सुगंधित पुष्प से बनी फूलों की माला अर्पित की गई। इसके बाद फल और मिष्ठान का भोग लगाया गया। भस्म आरती में बड़ी संख्या मे श्रद्धालु पहुंचे, जिन्होंने बाबा महाकाल का आशीर्वाद लिया। महानिर्वाणी अखाड़े की और से भगवान महाकाल को भस्म अर्पित की गई। मान्यता है कि भस्म अर्पित करने के बाद भगवान निराकार से साकार रूप में दर्शन देते हैं। इस दौरान हजारों श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शनों का लाभ लिया। इससे पूरा मंदिर परिसर जय श्री महाकाल की गूंज से गुंजायमान हो गया। नईदिल्ली के भक्त ने दिया एक लाख का दान श्री महाकालेश्वर मंदिर के पुरोहित पीयूष चतुर्वेदी और राकेश श्रीवास्तव की प्रेरणा से श्री महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन हेतु पधारे नेक्सजन एनर्जिया के चेयरमैन डॉ. पीयूष द्विवेदी ने श्री महाकालेश्वर मंदिर में चल रहे विकास कार्य के लिए एक लाख रुपये नकद राशि दान की। मंदिर प्रबंध समिति की ओर से दर्शन व्यवस्था के नोडल अधिकारी राकेश श्रीवास्तव ने नकद राशि प्राप्त कर दानदाता को रसीद प्रदान कर उनका सम्मान किया।

## संपादकीय

# नए सीएम की चुनौती

*झारखंड मुक्ति मोर्चा के वरिष्ठ नेता चंपई सोरेन ने आखिर शुक्रवार को राज्य के 12वें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ले ली। इससे वह शून्य खत्म हुआ, जो हेमंत सोरेन के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद कुछ घंटों के लिए बन गया था। हालांकि बुधवार को देर रात हेमंत सोरेन ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दिया, गुरुवार समाप्त होने से पहले चंपई सोरेन को सरकार बनाने का आमंत्रण मिल गया और शुक्रवार को दिन में ही उनका शपथ ग्रहण भी हो गया। सरकार बनाने को आमंत्रित किए जाने में जो कुछ घंटे की देर हुई राज्यपाल की ओर से उसकी वजह भी बता दी गई थी कि कोई भी कदम उठाने से पहले वह कानूनी राय-मशविरा कर लेना चाहते हैं। इसके बावजूद JMM और विपक्षी गठबंधन INDIA के कई नेताओं ने सार्वजनिक तौर पर आशंकाएं जतानी शुरू कर दी थीं। इसके पीछे देश के राजनीतिक माहौल में पिछले कुछ समय से जड़ जमा चुके परस्पर अविश्वास की भूमिका तो थी ही, यह तथ्य भी था कि राज्य की 81 सदस्यों वाली विधानसभा में मौजूदा JMM-RJD-कांग्रेस गठबंधन की विधायक संख्या बहुमत से कुछ ही अधिक है। वैसे तो उनके कुल 47 विधायक हैं लेकिन अभी 43 विधायक ही उनके समर्थन में खड़े नजर आ रहे हैं। ऐसे में यह डर बना हुआ है कि अगर कुछेक विधायकों का भी मन बदला तो उलटफेर हो सकता है।जाहिर है, मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के बावजूद चंपई सोरेन की आगे की राह कठिन है। पहले तो यही देखना होगा कि वह राज्यपाल की ओर से निर्धारित दस दिनों की समय सीमा के अंदर विधानसभा में अपना बहुमत साबित कर दें। पार्टी और परिवार में कथित असंतोष की खबरों के मद्देनजर सबको साथ रखने की यह चुनौती चंपई सोरेन के लिए आसान नहीं होगी।यह सब उथलपुथल ऐसे समय हुई है, जब लोकसभा चुनाव सिर पर आ चुके हैं। इसलिए नए मुख्यमंत्री को संभलने का मौका नहीं मिलने वाला। भ्रष्टाचार के जिन गंभीर आरोपों के बीच हेमंत सोरेन को पद छोड़ना पड़ा है, उनके साये में ही चंपई सोरेन को चुनावी परीक्षा से गुजरना होगा। हालांकि वह एक अनुभवी नेता हैं और झारखंड आंदोलन में भी अहम भूमिका निभा चुके हैं, लेकिन चौतरफा संकट के इस दौर में पार्टी और सरकार का नेतृत्व करने की जिम्मेदारी उन पर अचानक आन पड़ी है।इसी साल झारखंड में विधानसभा चुनाव भी होने हैं, लेकिन फिलहाल लोकसभा चुनाव पर ही सबकी नजर रहेगी। ऐसे में चंपई सोरेन की सबसे बड़ी कसौटी फिलहाल यही होगी कि उनकी अगुआई में पार्टी इस आपदा को राजनीतिक अवसर में किस हद तक तब्दील कर पाती है और 14 में से 12 लोकसभा सीटों पर BJP-AJSU की जीत के पिछले चुनाव नतीजे इस बार कितना बदलते हैं।*

# घोषित-अघोषित नियमों के बीच

# युद्ध, प्रेम और राजनीति का खेल

*कुछ हफ्ते पहले अपने एक लेख में मैंने कानून के शासन (रूल ऑफ लॉ) और कानून द्वारा शासन (रूल बाइ लॉ) में फर्क बताने की कोशिश की थी। कानून के शासन के तहत कानून सर्वोच्च होता है और शासक चाहे जो हो, उसे कानून का पालन करना होता है। जबकि कानून द्वारा शासन में शासक सर्वोच्च होता है और कानून उसका सेवक होता है। जाहिर है कि सेवकों को किसी भी वक्त बदला जा सकता है। उल्लेखनीय है कि जब से बस्तियों और समुदायों के विचार ने जड़ें जमाई हैं, तभी से मनुष्यों ने कुछ नियमों से खुद को बांधा है। हालांकि वियतनाम, इराक और लीबिया के युद्धों में इन नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ाई गई थीं। रूस व यूक्रेन और इस्राइल व हमास के बीच चल रहे युद्धों में भी इन नियमों का ध्वस्त होना जारी है। बलात्कार और लूटपाट तो बिल्कुल सामान्य बात हो गई है। रूस की मिसाइलों ने यूक्रेन के अस्पतालों, स्कूलों और आवासीय इलाकों को भी नहीं बख्शा है। 24 जनवरी, 2024 को यूक्रेन के 65 युद्धबंदियों और चालक दल के नौ लोगों को ले जा रहे एक रूसी विमान पर हमला हुआ, जिससे विमान में सवाल सभी लोग मारे गए। रूस ने इस आतंकवादी कृत्य के लिए यूक्रेन पर इल्जाम लगाया है, जबकि यूक्रेन ने इसका खंडन किया है। इस्राइल-हमास के वर्तमान युद्ध की शुरुआत सात अक्तूबर, 2023 को दक्षिणी इस्राइल पर हमास के अप्रत्याशित हमले से हुई, जिसमें 1200 से ज्यादा लोग मारे गए और 240 लोगों को बंधक बना लिया गया। लेकिन पिछले चार महीनों में इस्राइल की प्रतिक्रिया बेहद क्रूर रही है। फलीस्तीनियों को संकरी गाजा पट्टी में धकेल दिया गया है और 25 हजार लोगों के मारे जाने की खबर है। सच तो यह है कि*



*दोनों युद्धों में चारों पक्षों द्वारा युद्ध के हर नियम का उल्लंघन किया गया है। युद्ध के नियमों के उल्लंघन पर व्यक्ति और देश पर संयुक्त राष्ट्र न्यायालयों में मुकदमा चलाने का प्रावधान है। गाजा में नरसंहार कन्वेंशन के उल्लंघन के लिए दक्षिण अफ्रीका ने इस्राइल के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में मामला दर्ज कराया है। संगम साहित्य में (300 ईसा पूर्व) युद्ध के नियमों पर एक सुंदर कविता है = 'गौ, सज्जन ब्राह्मण, महिलाएं, रोगी और जिनके संतान न हो, /वे सुरक्षित स्थानों के लिए प्रस्थान करें, /यहां एक युद्ध होगा, /और मेरा तीर आगे बढ़ेगा, /राजा द्वारा धर्म का मार्ग बताने के बाद, /वह युद्ध में शामिल होगा।' तमिल कवि कंबन (1180 ईस्वी) द्वारा राम और रावण के बीच युद्ध के अंतिम दृश्य के वर्णन से भी मैं आश्चर्यचकित हूं। राम, रावण से कहते हैं 'तुम अपने सभी हथियार खो चुके हो और असहाय खड़े हो, /अगर मैं अब तुमसे युद्ध करूं, तो यह धर्म नहीं होगा, /आज लौट जाओ और कल युद्ध के लिए तैयार होकर आओ, /और मैं तुमसे लड़ूंगा।' प्रेम के नियम प्रेम के नियमों पर कई किताबें लिखी गई हैं। मेरा मानना है कि इसकी जितनी किताबें हैं, उतने ही इसके नियम और उतने ही प्रेमी भी हैं। 'प्रेम के नियम' ऐसी किताबों का एक लोकप्रिय शीर्षक भी लगता है। 'द सिंपल रूल्स ऑफ लव', '8 रूल्स ऑफ लव' से लेकर 'द फोर्टी रूल्स ऑफ लव' तक प्रेम पर किताबों का पूरा कैटलॉग है। हालांकि मैंने इनमें से कोई भी किताब नहीं पढ़ी है। लेकिन इनका अपना एक पाठक वर्ग जरूर है। मैं प्रेम के कुछ गहरे नियमों की तलाश में था और मुझे ये मिले = 'किसी ऐसे व्यक्ति पर अपना प्रेम बर्बाद न करें, जो इसकी कद्र न करता हो।' - विलियम शेक्सपियर 'इंसान को हमेशा प्रेम में रहना चाहिए और यही वजह है कि उसे विवाह नहीं करना चाहिए।' - ऑस्कर वाइल्ड 'जब हम प्रेमवश होकर किए गए कार्यों पर कुछ पढ़ना चाहते हैं, तो हमें क्या मिलता है? हत्या की खबरें।' - जॉर्ज बर्नाड शॉ 'प्रेम में ठोकर खाने पर संभलना आसान होता है। लेकिन एक बार प्रेम में पड़ गए, तो फिर से खड़े होना नामुमकिन है।' - अल्बर्ट आइंस्टीन ये टिप्पणियां मजाक में या शायद गंभीरता से लिखी गई हों, लेकिन इनसे प्रेम के कुछ नियम तो समझ जरूर आते हैं। मेरे पसंदीदा कवि-दार्शनिक ने 500 ईस्वी में अपनी अमर कृति 'तिरुक्कुरल' में प्रेम पर एक संपूर्ण अंश लिखा है, जिसमें 25 अध्याय और 250 दोहे हैं। इनमें कुछ ऐसी बाते हैं, जो प्रेम के सार्वभौमिक नियमों को खोजने में मदद कर सकती हैं, जैसे- प्रेमियों की जब नजर से नजर मिलती है, तो शब्द मायने नहीं रखते। झगड़ो व अपशब्दों से प्रेम कम नहीं होता। ये वैसा है, जैसे तेल से आग बुझाने की कोशिश हो रही हो। राजनीति के नियम राजनीति के मामले में तो बेहतर होगा कि 'राजनीति के नियमों' और 'राजनीति पर कानूनों' के बीच फर्क को समझ लिया जाए। जिस तरीके से किसी खेल को खेला जाता है, वह नियम कहलाता है। कानून अलग चीज है। कुछ खेल ऐसे खेले जाते हैं, जो अघोषित नियमों पर आधारित होते हैं, और जिनका उद्देश्य ही घोषित नियमों का उल्लंघन करना होता है। मसलन, राजनीतिक दलों में दल-बदल को हतोत्साहित करने वाले कानून को इस तरह से लागू किया गया है कि जिससे दल-बदल को ज्यादा बढ़ावा मिलेगा। राजनीति के नियमों के तहत अंपायर भी एक तरफ से खेल सकता है। ऐसे कई मामले हैं, जिनमें सदन के अध्यक्ष ही दल-बदल के खेल में खिलाड़ी बन गए। इसके अलावा, राजनीति का एक नियम यह भी है कि सामान्य बातों को जटिल तरह से समझाया जाना चाहिए। इस नियम को ज्यादा स्पष्ट ढंग से समझने और राजनीति के दूसरे नियमों की जानकारी के लिए नीतीश कुमार के पास जाया जा सकता है।*

# शोध: आप कितनी भाषाओं के जानकार हैं, इसमें छिपा है सेहत का पैमाना



मेरे पिता जी जब 57 साल के थे, तब उन्होंने फ्रेंच भाषा सीखने का फैसला किया। उन्होंने एक ट्यूटर तलाशा और पूरी लगन से पढ़ाई की। दरअसल, मेरे पिता की मां यानी मेरी दादी अपनी वृद्धावस्था में अल्जाइमर्स रोग की शिकार हुई थीं। मेरे पिता ने कहीं एक हालिया शोध के बारे में पढ़ा कि द्विभाषी लोगों में अल्जाइमर्स रोग से ग्रसित होने की आशंका कम होती है। यही वजह है कि मेरे पिता ने फ्रेंच भाषा सीखने का फैसला किया। भाषा सिखाने वाले एक अग्रणी ऐप द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार, 57 फीसदी लोग मानसिक तौर पर ज्यादा स्वस्थ होने की चाह के चलते दूसरी भाषा सीखना चाहते थे। लेकिन क्या इस तरह आकस्मिक ढंग से दूसरी भाषा सीखने के वही लाभ मिलते हैं, जो कम आयु से ही कई भाषाओं का ज्ञान रखने से होते हैं ? सिडनी यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर मार्क एंटोनियो के अनुसार, 'दैनिक जीवन में हम भाषा का उपयोग कई तरह से करते हैं। ऐसे में, एक द्विभाषी मस्तिष्क लगातार काम करता रहता है। यह उसके लिए कसरत की तरह होता है।' जाहिर है कि जो लोग युवावस्था से ही एक से ज्यादा भाषाएं बोलते हैं, वे वृद्धावस्था में भी मानसिक तौर पर ज्यादा स्वस्थ होते हैं। पेरिस के ब्रोका अस्पताल में मानसिक स्वास्थ्य के एक शोधार्थी कैटलिन वेयर के अनुसार, 'आप किस उम्र में दूसरी भाषा सीखते हैं, उससे ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि आप उसका अभ्यास कितना कर रहे हैं।' 2007 में इस विषय पर एक ऐतिहासिक शोध पत्र प्रकाशित हुआ था, जिसके अनुसार डाइमेंशिया से पीड़ित लोगों में, जो दो भाषाओं को बोलने वाले थे, उनमें रोग के लक्षण दूसरे मरीजों की तुलना में चार साल बाद विकसित हुए। डॉ. एंटोनियो के शोध में यह भी पाया गया कि 60 वर्ष से ज्यादा उम्र के चीनी वयस्कों द्वारा छह महीने तक दूसरी भाषा सीखने के बाद उनकी हालत में सुधार देखा गया। एक अन्य प्रयोग में इटली में वृद्ध लोगों के एक समूह ने चार महीने तक अंग्रेजी भाषा सीखी, लेकिन उनमें कोई सुधार तो नहीं आया, अलबत्ता उसी समूह के कुछ दूसरे वृद्धों, जिन्होंने कोई भाषा नहीं सीखी, उनकी स्थिति में गिरावट जरूर दिखी। जर्मनी की हीडलबर्ग यूनिवर्सिटी की प्रोफेसर जूडिथ ग्रॉसमैन कहती हैं, 'यह कोई नहीं कहता कि वृद्धावस्था में छह महीने तक दूसरी भाषा सीखने का वही प्रभाव होगा, जो जीवन भर दो भाषाएं बोलने का होता है। लेकिन देर से सही, दो भाषाएं सीखने का कुछ प्रभाव तो हर स्थिति में होता है।' दूसरी भाषा सीखने से आपको लगातार दूसरे समुदायों से जुड़ने का मौका मिलता है और आप मानसिक तौर पर भी सतर्क बने रहते हैं।

# गजेंद्र मोक्ष पाठ की रचना कैसे हुई संस्कृति के पन्नों से होता है खुलासा

काल बड़ा बली है। यह सांप के समान प्रचंड वेग से सबको निगल जाने के लिए दौड़ता रहता है। इससे भयभीत होकर जो कोई भगवान की शरण चला जाता है, उसे प्रभु अवश्य बचा लेते हैं। राजा इंद्रद्युम्न, भगवान विष्णु के अनन्य भक्त थे। उनके मन में भगवद्भक्ति इतनी बढ़ी कि उन्होंने राज्य त्याग दिया और तपस्या में लीन हो गए। एक दिन इंद्रद्युम्न स्नानादि करके ध्यान में बैठे थे कि तभी महर्षि अगस्त्य वहां पहुंच गए। इंद्रद्युम्न ध्यान में लीन थे, इसलिए उन्होंने अगस्त्य को प्रणाम नहीं किया। महर्षि कुपित हो गए और उन्होंने इंद्रद्युम्न को शाप दिया - ऋषि का अपमान करने वाला यह राजा, हाथी के समान जड़बुद्धि है, इसलिए यह हाथी के रूप में जन्म ले! इस बीच एक अन्य ऋषि देवल, सरोवर में स्नान कर रहे थे। वहीं हूहू नाम का गंधर्व भी जल-क्रीड़ा कर रहा था। उसने देवल को रोकने का प्रयास किया, तो ऋषि ने हूहू को ग्राह (मगरमच्छ) के रूप में जन्म लेने का शाप दे डाला। अगस्त्य के शाप से इंद्रद्युम्न, हाथियों का राजा (गजेंद्र) बन गया और देवल के शाप से हूहू, सरोवर में ग्राह बनकर रहने लगा। संयोग से, एक दिन गजेंद्र, उसी सरोवर में पानी पीने पहुंच गया। पानी पीकर गजेंद्र ने जल-क्रीड़ा आरंभ कर दी। तभी गजेंद्र पीड़ा से चिंघाड़ा। जल में बैठे ग्राह (हूहू) ने गजेंद्र का पैर पकड़ लिया। गजेंद्र ने पैर छुड़ाने का भरपूर प्रयास किया, परंतु उसे सफलता नहीं मिली। गजेंद्र छटपटाता रहा। उसके साथी गज असहाय खड़े देखते रहे। दोनों



के बीच संघर्ष चलता रहा। गजेंद्र स्वयं को पानी से बाहर खींचता और ग्राह उसे भीतर खींचता। सरोवर का जल मैला हो गया। उसमें खिले कमल-दल क्षत-विक्षत हो गए। गजेंद्र का शरीर शिथिल पड़ने लगा, परंतु ग्राह जलचर था, इसलिए उसकी शक्ति में कमी नहीं आई। गजेंद्र समझ गया कि उसके प्राण संकट में हैं और यदि जल्द कोई उपाय नहीं किया गया, तो उसका जीवित बचना कठिन हो जाएगा। गजेंद्र का साहस पस्त हो चुका था। उसे जब कोई अन्य उपाय नहीं सूझा तो उसने आंखें मूंद लीं। वह आंख बंद किए चुपचाप खड़ा था कि तभी पूर्वजन्म में इंद्रद्युम्न के रूप में की गई भक्ति और आराधना के प्रभाव से गजेंद्र के मन में भगवान की स्मृति जाग गई। उसे विश्वास हो गया कि अंत समय में भगवान का स्मरण करने से उसे मुक्ति अवश्य मिल जाएगी। हूहू ग्राह अब भी गजेंद्र को पूरी शक्ति से पानी के भीतर खींचने का प्रयत्न कर रहा था। उसने अपने इष्ट भगवान विष्णु की शरण में जाने का निश्चय किया। ग्राह द्वारा दी जा रही पीड़ा पर ध्यान न देकर गजेंद्र सोचने लगा - काल बड़ा बली है। यह सांप के समान बड़े प्रचंड वेग से सबको निगल जाने के लिए दौड़ता रहता है । इससे भयभीत होकर जो कोई भगवान की शरण चला जाता है, उसे प्रभु अवश्य बचा लेते हैं। वही प्रभु सबके आश्रय हैं। मैं उन्हीं की शरण ग्रहण करता हूं। गजेंद्र, एकाग्रचित्त से पूर्वजन्म में सीखे स्तोत्र के जप द्वारा भगवान की स्तुति करने लगा। स्तुति सुनकर भगवान विष्णु वहां प्रकट हो गए। गजेंद्र ने गरुड़ पर आरूढ़ भगवान विष्णु को देखा तो कमल का एक सुंदर पुष्प अपनी सूंड़ में लेकर ऊपर उठाया और कष्टपूर्वक कहा - नारायण! जगद्गुरो! भगवान! आपको नमस्कार है। गजेंद्र को इस तरह पीड़ित देखकर भगवान विष्णु, गरुड़ की पीठ से नीचे उतरे और गजेंद्र के साथ ग्राह को भी सरोवर से बाहर खींच लाए। फिर उन्होंने अपने सुदर्शन चक्र से ग्राह का मुंह फाड़कर गजेंद्र को मुक्त कर दिया। देवल के शाप से ग्रस्त हूहू गंधर्व भी ग्राह योनि से मुक्त हो गया। उसने भगवान विष्णु की परिक्रमा की और उनके चरणों में प्रणाम करके अपने लोक को लौट गया। भगवान विष्णु ने गजेंद्र का उद्धार कर उसे अपना पार्षद बना लिया। उसकी स्तुति से प्रसन्न होकर भगवान विष्णु ने कहा- हे गजेंद्र! जो लोग ब्रह्म मुहूर्त में उठकर तुम्हारी की हुई स्तुति से मेरा स्तवन करेंगे, उन्हें मैं मृत्यु के समय निर्मल बुद्धि का दान करूंगा। गजेंद्र द्वारा की गई यही स्तुति 'गजेंद्र मोक्ष पाठ' कहलाती है। श्रीमद्भागवद पुराण के आठवें स्कंध में गजेंद्र मोक्ष की कथा का विस्तार से उल्लेख मिलता है। इस स्तोत्र में 28 श्लोक हैं। यह कथा शुकदेव जी ने राजा परीक्षित को सुनाई है।

# टाइम मशीनः द ग्रेट रशियन रॉबरी, जिसने बदल दिया दुनिया के अनाज कारोबार का रिवाज

*ऑस्ट्रेलिया में इस साल किसान सूखी जमीन में गेहूं बोएंगे। दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा गेहूं निर्यातक अपनी सबसे बड़ी फसल पर अल-नीनो वाले सूखे के असर के लिए तैयार हो रहा है। भारत में चुनाव के कारण मुफ्त अनाज बांटने का ऐलान किए बैठी सरकार को पता नहीं है कि इस साल किसान उसे पर्याप्त अनाज बेचेंगे या नहीं। रबी पर अल-नीनो की काली छाया पड़ चुकी है। उपज कम होने का खतरा है। भारत में गेहूं का सरकारी भंडार सात साल के न्यूनतम स्तर पर है। एक साल से ज्यादा हो गया, मगर भारत में अनाज की महंगाई कम नहीं हुई। भारत ने गेहूं और चावल का निर्यात रोक दिया, मगर खौलती कीमतें ठंडी नहीं पड़ी हैं। दुनिया के खाद्य बाजार में अफरा-तफरी मची है। बाजार को लगता है कि भारत को गेहूं का आयात शुरू करना पड़ सकता है। 1803 से लेकर 1972 तक गेहूं की कीमतों में इतिहास में कहीं किसी भी बड़ी तेजी का जिक्र नहीं है। बीसवीं सदी के सातवें दशक की शुरुआत तक महंगाई में गेहूं का योगदान नगण्य था, पर 1970 के दशक में अचानक पूरी दुनिया में अफरा-तफरी मच गई। आइए टाइम मशीन तैयार है...पकड़िए अपनी सीट। मनी हेइस्ट यानी बैंक लूट तो सुनी होगी, आइए गेहूं की एक अनोखी लूट से मिलते हैं, जो रूस ने की थी। उसके बाद गेहूं का बाजार ही बदल गया। हम 1970 के दशक में है। दूसरे विश्व युद्ध को तीस साल बीत चुके थे। अमेरिका अब दुनिया में कृषि उत्पादन की बड़ी ताकत बन गया था। गरीबों को फूड स्टांप कार्यक्रमों के जरिये सस्ता अनाज दिया जा रहा है। दूसरी बड़ी लड़ाई में अपना दबदबा स्थापित करने के बाद अमेरिका उदारता और मदद के सहारे कूटनीतिक प्रभाव बना रहा था। 1954 में फूड फॉर पीस कार्यक्रम आया, जिसके तहत जरूरतमंद देशों को खाद्य सहायता दी जा रही थी। यह वही अमेरिका था, जो दूसरे विश्वयुद्ध की शुरुआत तक कुपोषण और अनाज की कमी से जूझ रहा था। लिजी कॉलिंघम अपनी मूल्यवान किताब 'द टेस्ट ऑफ वार ड्क वर्ल्ड वार टू एंड बैटल फॉर फूड' में लिखती हैं कि दूसरी बड़ी जंग के दौरान अमेरिका में सेना के लिए सेहतमंद लोग मिलना मुश्किल थे। प्रत्येक पांच में दो पुरुष फौज में भर्ती से नकार दिए जाते थे, क्योंकि वे कुपोषित थे। 1930 की महामंदी के बाद हुए कृषि सुधारों ने अमेरिका की खेती को संकट से समृद्धि में बदल दिया था। किसानों को मूल्य समर्थन और सब्सिडी दी गई थी, जिसका फायदा भरपूर फसलों के तौर पर पककर सामने आने लगा था। दूसरे विश्व युद्ध के बाद नई तकनीकों से खेती के उत्पादन में और तेजी आई और अनाज के कोठार भरने लगे। यूं तो यह दौर चरम शीत युद्ध था, मगर अमेरिका और रूस के बीच कारोबारी रिश्तों की गर्मी देखते ही बनती थी। 1971 में अमेरिका रूस को गेहूं का निर्यात करता था। यह सौदे बहुराष्ट्रीय अनाज कंपनियों के जरिये किए जाते थे। 70 के दशक की शुरुआत में डॉलर कमजोर हो रहा था। गोल्ड स्टैंडर्ड समाप्त हो गया था। अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन बुरी तरह परेशान थे। अमेरिका का निर्यात यूरोप और जापान से मात खा रहा था। अमेरिका की सरकार विदेश व्यापार का चेहरा ठीक करने के लिए गेहूं का निर्यात बढ़ाना चाहती थी। भारी उत्पादन के कारण भंडार भरे थे, जिन्हें खाली करना जरूरी था। इधर सोवियत संघ में 1971-72 में गेहूं की फसल बुरी तरह मारी गई। अमेरिका को पता था, सोवियत रूस को अनाज चाहिए। अर्ल बट्ज अमेरिकी राष्ट्रपति निक्सन की सरकार में कृषि मंत्री थे। तेज-तर्रार, मुंहफट और विवादित बट्ज को अमेरिका में खेती की नीतियां बदलने के लिए जाना जाता है। उस वक्त तक अमेरिका में भारत जैसी समर्थन मूल्य प्रणाली लागू थी। किसानों का अतिरिक्त उत्पादन सरकार खरीदती थी। यह नीति महामंदी के दौर में आई थी। बट्ज ने कृषि उपज के निर्यात का बड़ा कार्यक्रम बनाया। इम मशीन सफर करते हुए आपको अमेरिका के अखबारों में ऐसी सुर्खियां दिख जाएंगी, जिनमें देश के कृषि मंत्री खूब पैदावार का आह्वान कर रहे हैं और अमेरिका गेहूं निर्यात की ताकत बनाने का दावा कर रहा है।*

# प्रभास की फिल्म सालार 2 में हुई गोपीचंद की एंट्री



मुंबई ! साउथ सुपरस्टार प्रभास की फिल्म 'सालार' ने बॉक्स ऑफिस पर खूब धमाल मचाया है। अब दर्शक इस फिल्म के दूसरे भाग को लेकर उत्सुक हैं। इस बीच प्रभास की सालार 2 के लिए एक और अभिनेता को चुना गया है। प्रभास इस समय अपनी आने वाली फिल्म 'सलार 2' को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म का निर्देशन प्रशांत नील संभालेंगे। 'सालार' को दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कहा जा रहा है कि 'सालार 2' भी बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करेगी। सिनेप्रेमियों को अब सिर्फ इस फिल्म की रिलीज को लेकर उत्सुकता है। दर्शकों को 'सालार 2' के लिए ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़ेगा। प्रभास और प्रशांत नील जल्द ही इस फिल्म की रिलीज की घोषणा करेंगे। फिलहाल इस फिल्म का प्री-प्रोडक्शन का काम चल रहा है। कहा जा रहा है कि ये फिल्म इसी साल नवंबर में रिलीज होगी। ऐसे में कहा जा रहा है कि इस फिल्म में साउथ के किसी सुपरस्टार की एंट्री होगी। प्रभास की आने वाली फिल्म 'सालार 2' में उनके खास दोस्त गोपीचंद की ग्रैंड एंट्री हुई है। मेकर्स ने गोपीचंद से इस फिल्म में एक खास रोल मांगा है। 'सालार 2' में गोपीचंद की एंट्री के साथ ही फैंस को अब इस फिल्म का इंतजार है। गोपीचंद साउथ मनोरंजन उद्योग में एक लोकप्रिय अभिनेता हैं। गोपीचंद साउथ मनोरंजन उद्योग में एक लोकप्रिय अभिनेता हैं और प्रभास के करीबी दोस्त भी हैं। वे कई वर्षों से अच्छे दोस्त हैं। दोनों ने अपना फिल्मी सफर एकसाथ शुरू किया था। दोनों ने 2004 में रिलीज हुई फिल्म 'वर्षम' में साथ काम किया था। इस फिल्म में गोपीचंद ने खलनायक की भूमिका निभाई थी। फिल्म में उनके काम को काफी सराहना मिली थी। अब एक बार फिर प्रभास और गोपीचंद 'सालार 2' में साथ नजर आएंगे।

# मनोज तिवारी ने सोनू सूद से क्यों मांगी माफी?

*मुंबई । क्रिकेट के प्रति न सिर्फ आम लोगों की बल्कि बॉलीवुड सेलेब्स की भी दीवानगी खूब देखी जाती है. अक्सर बड़े मैचों में बॉलीवुड सेलेब्स ऑडियंस की तरह क्रिकेट स्टेडियम में पहुंच जाते हैं और अपनी फेवरिट टीम के लिए चीयर करते हैं. बॉलीवुड सेलेब्स पर क्रिकेट खुमार इतना है कि साल 2011 में सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग की शुरुआत कर दी. 23 फरवरी 2024 से सीसीएल के 10वें सीजन की शुरुआत होने वाली है. इसे लेकर एक्टर सोनू सूद ने एक्साइटमेंट जाहिर की साथ ही मनोज तिवारी से जुड़ा किस्सा भी बताया है. सोनू सूद 'पंजाब दे शेर' टीम के कप्तान रहे हैं. उन्होंने सीसीएल के एक पुराने मैच को याद किया जब मनोज तिवारी ने उनका कैच पकड़ा था. सोनू ने न्यूज18 को बताया, मुझे एक मजेदार घटना याद है जब एक बार फील्ड पर मैंने हवा में शॉट मारा था और कुछ ही पलों में मनोज गेंद लपकने वाले थे.मैं चिल्लाया, प्लीज ड्रॉप कर दो.*



***मनोज तिवारी ने मांगी माफी***

*सोनू सूद ने आगे कहा, लेकिन उन्होंने ऐसा नहीं किया और बाद में मजाकिया अंदाज में मुस्कुराते हुए क्रीज पर आए और कहा- सॉरी, पाजी, सॉरी यार, गलती हो गई. लीग के बारे में बोलते हुए, सोनू ने कहा, मेरे लिए, सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग एक खेल से कहीं अधिक है. यह हम कलाकारों के लिए एकजुट होने और फील्ड के अंदर और बाहर खूब मौज-मस्ती करने का मौका है.*

***सोनू सूद ने जताई एक्साइटमेंट***

*सोनू सूद ने कहा, अब, मैं यह देखने के लिए बहुत एक्साइटेड हूं कि इस नए सीज़न में हम सभी के लिए क्या मायने रखता है. बता दें, इस खेल का सेलिब्रेट करने के लिए सलमान खान और मोहनलाल जैसी हस्तियां जल्द ही सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग में दिखाई देंगी. सलमान कान मुंबई हीरोज टीम के ब्रांड एंबेसडर हैं जबकि रितेश देशमुख इसके कप्तान हैं.*

***ये है सेलिब्रिटी क्रिकेट लीग की टीम और उनके कप्तान***

*सोहेल खान मुंबई हीरोज टीम के मालिक हैं. वेंकटेश तेलुगु वॉरियर्स के ब्रांड एंबेसडर हैं. तेलुगु वॉरियर्स के कप्तान अखिल अक्किनेनी, चेन्नई राइनोज़ के कप्तान आर्य हैं. कर्नाटक बुलडोज़र्स के कप्तान किच्चा सुदीप, केरल स्ट्राइकर्स के सह-मालिक मोहनलाल हैं. जबकि इंद्रजीत कप्तान हैं. भोजपुरी दबंगों के कप्तान मनोज तिवारी हैं. पंजाब दे शेर के कैप्टन सोनू सूद हैं. बंगाल टाइगर्स के मालिक बोनी कपूर अपनी कैप्टन जिस्सू सेनगुप्ता हैं.*

# कियारा-सारा को पीछे छोड़ ये हसीना भूल भुलैया 3 में मचाएगी धमाल?

मुम्बई । प्रतिष्ठित 'भूल भुलैया' फ्रेंचाइजी की बहुप्रतीक्षित तीसरी किस्त मार्च 2024 में फ्लोर पर जाने के लिए तैयार है। हाल ही में निर्माता भूषण कुमार , निर्देशक अनीस बज्मी और मुख्य अभिनेता कार्तिक आर्यन हॉरर-कॉमेडी के संबंध में एक महत्वपूर्ण चर्चा के लिए एकत्र हुए। इस फिल्म की मुख्य अभिनेत्री को लेकर बीते लंबे समय से कयासों का बाजार गर्म है। 'भूल भुलैया 2' में कियारा आडवाणी मुख्य भूमिका में थीं। हालांकि, बीते दिन इस किरदार के लिए सारा अली खान का नाम सामने आया। वहीं, अब नई रिपोर्ट में नई हसीना का नाम सामने आया है, जिसने फैंस के उत्साह को और ज्यादा बढ़ा दिया है।

**भूल भुलैया 3' का हिस्सा बनीं शरवरी वाघ?**

कथित तौर पर शरवरी वाघ 'भूल भुलैया 3' में मुख्य भूमिका निभाने के लिए बातचीत कर रही हैं। हाल ही में फिल्म के लुक टेस्ट के दौरान एक लोकप्रिय पैपराजी अकाउंट द्वारा वाघ की तस्वीर खींची गई। कयास तमाम हैं, लेकिन मुख्य अभिनेत्री के नाम पर अभी आधिकारिक मुहर लगना बाकी है। 'भूल भुलैया 3' में कार्तिक आर्यन मुख्य अभिनेता हैं। फिल्म का निर्देशन अनीस बज्मी करने वाले हैं, जिन्होंने पहली दूसरी किस्त का भी निर्देशन किया था।

**भूषण कुमार ने साझा किया उत्साह**

एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 'भूल भुलैया भूषण और कार्तिक की प्रिय फ्रेंचाइजी है, और वे भाग तीन के साथ दांव को और बढ़ाना चाहते हैं। उन्होंने स्क्रिप्ट





को लॉक करने के लिए शानदार रूप से काम किया है। अब सभी मिलकर इसे फरवरी, 2024 में फ्लोर पर ले जाने की तैयारी कर रहे हैं।' निर्माता भूषण कुमार ने फिल्म के बारे में अपनी खुशी व्यक्त करते हुए कहा, 'भूल भुलैया फ्रेंचाइजी हमारे दिलों में एक विशेष स्थान रखती है, और मैं अनीस जैसे रचनात्मक दिमाग और कार्तिक जैसी अविश्वसनीय प्रतिभा के साथ इसे आगे ले जाकर बहुत खुश हूं। साथ मिलकर, हम एक सिनेमाई अनुभव देने के लिए तैयार हैं, जो फ्रेंचाइजी की विरासत का सम्मान करेगा और दर्शकों के लिए हंसी और रोमांच को दोगुना कर देगा।'

**मनोरंजन का डबल डोज देंगे बज्मी!**

निर्देशक अनीस बज्मी ने इस परियोजना के लिए अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, 'मैं भूल भुलैया की दुनिया को आगे ले जाने के लिए रोमांचित हूं। पिछली किस्त में, रूह बाबा सबसे पसंदीदा किरदार बन गया था, और दर्शकों के आनंद के लिए इसे और भी बेहतर बनाना एक मजेदार और रोमांचक चुनौती होगी। यह फिल्म मेरी तत्काल निर्देशित अगली फिल्म है, और इसका ध्यान एक मनोरंजक कथा तैयार करने पर है, जो सीरीज के सार के प्रति सच्चे रहते हुए दर्शकों को पसंद आएगी।'

### महिलावादी का टैग मिलने पर कही ये बात

# मुनव्वर फारुकी ने खुद पर लगे आरोपों पर दी प्रतिक्रिया

बिग बॉस 17 के विजेता मुनव्वर फारुकी जब शो में थे, तब उनपर की गंभीर आरोप लगे थे। कई लोगों द्वारा मुनव्वर को महिलावादी का टैग भी दिया गया था। स्टैंड-अप कॉमेडियन के सलमान खान के शो का विजेता बनने के कुछ दिनों बाद उन्होंने खुद पर लगे आरोपों पर बात की है। उन्होंने कहा कि वह अभी भी ये पता लगा रहे हैं कि उन्हें कमिटमेंट फोबिया है या फिर लोगों के उनके करीब आने पर उनसे दूरी बनाने की प्रवृत्ति है। मुनव्वर फारुकी ने हाल ही में एक बातचीत में कहा, मैं अपने जीवन के कई पहलुओं पर काफी केंद्रित और सुलझा हुआ हूं। हालांकि, मानसिक रूप से और रिश्तों के मामले में पिछला साल मेरे लिए अच्छा नहीं रहा। शायद यही वह समय था, जब मुझे बिग बॉस के घर में एंट्री करनी थी। टाइमलाइन के कारण काफी चीजें हुईं। मैं अगर उनको पहले से बेहतर रखता या संभाल लेता तो पता नहीं पर मैंने कहीं न कहीं उन चीजों को समय दिया, यह सोचकर कि अंत में वे सुलझ



जाएंगी। उन्होंने कहा,मुझे लगता है कि मैं उन्हें अपनी जिम्मेदारी के अनुरूप नहीं संभाल सका। मैं निश्चित रूप से अपने इस पहलू को सुधारने पर काम करूंगा।% इसके साथ ही उन्होंने ये स्पष्ट किया कि वे महिलावादी नहीं हैं। फारुकी ने कहा कि उन्होंने अतीत में कई परियोजनाओं के लिए महिलाओं के साथ सहयोग किया है। इसके चलते वह उन पर लगाए जा रहे ऐसे लेबल से बिल्कुल सहमत नहीं हैं। बिग बॉस 17 विनर ने कहा, ऐसा नहीं है। मैंने पेशेवर रूप से कई महिलाओं के साथ सहयोग किया है, और वे इस बात की पुष्टि कर सकती हैं कि मैंने उन्हें कितना सहज महसूस कराया और मैंने उनके साथ बहुत सम्मान के साथ व्यवहार किया। मैं वैसा नहीं हूं जैसा मुझे बनाया गया है। यह सिर्फ एक लड़की है जिसके बारे में हर कोई जानता है। मैं इन लेबलों से सहमत नहीं हूं और मेरे भविष्य के कार्य निश्चित रूप से उन लोगों को निराश करेंगे जो नफरत व्यक्त कर रहे हैं। शो के दौरान मुनव्वर फारुकी के फैंस उस वक्त हैरान रह गए, जब आयशा खान ने दावा किया कि वह उनके और नजीला के साथ डबल डेटिंग कर रहे थे। इसके बाद में नजीला ने भी एक वीडियो जारी कर खुलासा किया था कि उन्हें मुनव्वर और आयशा के रिश्ते के बारे में नहीं पता था। नजीला ने आगे स्पष्ट किया था कि वह अब उनके साथ रिश्ते में नहीं हैं। साथ ही कहा था कि कई अन्य लड़कियां भी इसमें

# परिणीति चोपड़ा ने मन्नारा को यों नहीं दिया था समर्थन?

### बिग बॉस फेम ने बताई वजह

मन्नारा चोपड़ा ने बिग बॉस 17 में सेकंड रनर-अप का स्थान हासिल किया है। मन्नारा टॉप 3 का हिस्सा बनकर भी बेहद खुश हैं। जब मन्नारा चोपड़ा बिग बॉस 17 के घर में थीं, तो उनकी चचेरी बहन और ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा ने उनका समर्थन करते हुए एक नोट लिखा था। हालांकि, परिणीति चोपड़ा ने सलमान खान के शो के दौरान कभी भी मन्नारा को अपना समर्थन नहीं दिया। हाल ही में एक बातचीत के दौरान मन्नारा से इस बारे में पूछा गया, तो उन्होंने खुलासा किया कि परिणीति ने बिग बॉस के फिनाले के बाद उन्हें मैसेज किया था।



**परिणीति ने भेजा था मन्नारा को मैसेज-** मन्नारा ने कहा, मुझे नहीं पता था कि प्रियंका ने मेरा समर्थन किया है। मैंने वास्तव में इसके लिए उन्हें धन्यवाद दिया। मैं वास्तव में अपने परिवार के सभी सदस्यों की आभारी हूं, जिन्होंने मेरा समर्थन किया। उन्होंने आगे परिणीति को लेकर खुलासा करते हुए कहा, मैं परिणीति से शादी के बाद से नहीं मिली हूं। जब मैं बिग बॉस से वापस आई, तो उन्होंने मुझे एक मैसेज भेजा था, जिसमें उन्होंने मुझसे कहा था कि हम आपकी इस सफलता से बहुत खुश हैं और यह आपके लिए एक नई शुरुआत है। मैंने उन्हें धन्यवाद कहा। मुझे बहुत खुशी हुई।

**काम को प्राथमिकता देती हैं मन्नारा**

उन्होंने आगे अपने काम करने के बारे में बात की और कहा, मुझे लगता है कि मैं अपने जीवन में, जो कुछ भी बन पाई हूं, वह वास्तव में मेरी कड़ी मेहनत और काम करने के तरीके हैं। मैं काम को ब्लैक एंड व्हाइट की तरह देखती हूं। यदि यह हो रहा है, तो यह हो रहा है, अन्यथा नहीं। मैं एक फाइटर की तरह हूं। मैं पहले अपने काम को प्राथमिकता देती है। जब परिवार की बात आती है, तो मुझे प्यार और सम्मान की उम्मीदें होती हैं। अगर मुझे ये सब नहीं मिलता है, तो दुख होता है।

परिणीति का वर्कफ्रंट सोशल मीडिया पर सभी मन्नारा चोपड़ा को ढेर सारी शुभकामनाएं दे रहे हैं। परिणीति के वर्कफ्रंट की बात करें तो अभिनेत्री को आखिरी बार अमिताभ बचन, अनुपम खेर और बोमन ईरानी के साथ फिल्म ऊंचाई में देखा गया था। इसके अलाव मिशन रानीगंज- द ग्रेट इंडियन रेस्क्यू में परिणीति अभिनेता अक्षय कुमार के साथ नजर आई थी। वहीं, अभिनेत्री की आगामी फिल्म की बात करें, तो वे अमर सिंह चमकीला में नजर आने वाली हैं। इस फिल्म में उनके साथ दिलजीत दोसांझ नजर आएंगे। यह फिल्म पंजाब के एक मशहूर गायक के जीवन पर आधारित है।

# फाइटर की कमाई में तगड़ा उछाल, बॉक्स ऑफिस पर जारी है हनुमान का धमाल

जनवरी के महीने के शानदार गुजरने के बाद अब फिल्मी दुनिया के लोगों को फरवरी से काफी यादा उम्मीदें हैं। इस महीने में भी कई फिल्में टिकट खिड़की पर दस्तक देने वाली हैं, लेकिन उससे पहले सिनेमाघरों में लगी फिल्मों पर बात कर लेते है। गणतंत्र दिवस के मौके पर रिलीज हुई ऋतिक रोशन की फाइटर उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं कर सकी है। वहीं, साउथ की फिल्म हनुमान की ब्लॉकबस्टर कमाई अब भी जारी है। आइए जानते हैं कि शनिवार को किस फिल्म ने कैसा प्रदर्शन किया... सिद्धार्थ आनंद हिट फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। पिछले साल रिलीज हुई उनकी फिल्म पठान ने टिकट खिड़की पर गर्दा उड़ा दिया था। अपनी नई फिल्म फाइटर के लिए भी निर्देशक ने फिर से वही तारीख चुनी थी, लेकिन इस बार उनकी यह फिल्म अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी है। शानदार ओपनिंग मिलने के बाद वीकडेज में फिल्म की रफ्तार काफी कम हो गई। पहले सप्ताह में फिल्म ने 146.5 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया। वहीं, दूसरे सप्ताहांत में फिल्म की रफ्तार में थोड़ी तेजी दिखाई दे रही है। शुक्रवार को फिल्म ने पांच करोड़ 75 लाख रुपये का कलेक्शन किया।







10वें दिन फिल्म ने थोड़े सुधार के साथ 10.5 करोड़ रुपये का बिजनेस किया है। इसके साथ ही, फिल्म की कुल कमाई अब 162.75 करोड़ रुपये हो गई है। माना जा रहा है कि रविवार के दिन कमाई के आकड़े में अछा सुधार दर्ज किया जा सकता है। बॉक्स ऑफिस पर तीन हफ्ते बाद भी हनुमान का ब्लॉकबस्टर प्रदर्शन जारी है। पहले हफ्ते में इस फिल्म ने 99.85 करोड़ रुपये का बिजनेस किया था। दूसरे हफ्ते में फिल्म ने 58.65 करोड़ रुपये बटोर डाले थे। वहीं, तीसरे हफ्ते में फिल्म ने अपना जलवा जारी रखते हुए 23.3 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। चौथे शनिवार को फिल्म ने तीन करोड़ 48 लाख रुपये का बिजनेस किया है। इसके साथ ही फिल्म की कुल कमाई 185.30 करोड़ रुपये हो गई है। फिल्म की कमाई की रफ्तार को देखते हुए माना जा रहा है कि यह जल्द ही घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ के आंकड़े को आसानी से छू लेगी।

# बड़वानी के शासकीय महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन सत्र 2023-24 समारोह का हुआ उदघाटन

## प्राचार्य डॉ. वंदना भारती के मार्गदर्शन में किया गया आयोजित

**बड़वानी,** शासकीय कन्या महाविद्यालय बड़वानी के वार्षिक स्नेह सम्मेलन का उद्घाटन सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ आज प्राचार्य डॉ. वंदना भारती एवं कोर्डिनेटर डॉ. जगदीश मुजाल्दे एवं स्नेह सम्मेलन प्रभारी डॉ. स्नेहलता मुझाल्दे के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया तथा अतिथियों का परिचय डॉ. स्नेहलता मुझाल्दे द्वारा दिया गया है एवं परिचय देते हुए उन्होने राष्टीउ्य शिक्षा निति को बढावा देते हुए कहा कि स्नेह सम्मेलन छात्राओं के कलात्मकता उनके विकास और आगे बढाने के उपर जोर दिया गया है।

प्राचार्य डॉ. वंदना भारती द्वारा महाविद्यालय के वार्षिक प्रतिवेदन का वाचन किया गया। प्राचार्य द्वारा बताया गया कि हमारे शिक्षक इस व्यापक और बहुमुखी विकास की रीढ़ रहे है। वे मार्गदर्शक सितारे रहे है, जो हमारी छात्राओं को ज्ञान, बुद्धिमता और एक आशाजनक भविष्य की ओर ले जा रहे है। उनकी प्रतिबद्धता और अथक प्रयासो ने हमेशा हमारी छात्राओं को सर्वश्रेष्ठ प्रदान किया है। मैं इस अवसर पर हमारे मेहनती शिक्षण स्टॉफ के प्रति अपनी गहरी कृतज्ञता व्यक्त करना चाहती हूँ।

मेरा मानना है कि हमारा महाविद्यालय केवल औपचारिक शिक्षा का स्थान नहीं है, बल्कि एक ऐसा स्थान है जहाँ छात्र एक व्यक्ति के रूप में बढ़ते और विकसित होते है। यह एक ऐसी जगह है जहाँ उनकी आंतरिक क्षमता का पोषण होता है और जहाँ वे सम्मान, अखंडता और जिम्मेदारी का मूल्य सीखते है। इसमें राष्टीय सेवा योजना, विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन जैसे कार्यक्रम चलाये जा रहे है और छात्राएँ इसमें अपना पूरा योगदान अनुभवी प्राध्यापको के मार्गदर्शन में दे रही है और इस प्रकार उनका चहुँमुखी विकास हो रहा है।

इसके अलावा नैतिक मूल्य, व्यक्तित्व विकास, योग एवं ध्यान जैसे विषय से चरित्र निर्माण भी हो रहा है।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. रविन्द्र बरडे द्वारा किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का संचालन डॉ. कविता भदौरिया द्वारा किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती एवं कन्या पूजन से किया गया। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि माननीय श्री राजन जी मण्डलोई, विधायक, विधानसभा क्षेत्र, बड़वानी, विशेष अतिथि माननीय श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान, अध्यक्ष, नगरपालिका बड़वानी, जिला-बड़वानी, अध्यक्षता डॉ. दिनेश वर्मा, प्राचार्य, श.भी.ना. शा. स्नातको. महावि. बड़वानी, जिला-बड़वानी,) रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथ माननीय श्री राजन जी मण्डलोई, विधायक, विधानसभा क्षेत्र, बड़वानी, द्वारा छात्राओं को सम्बोधित करते हुए कहा गया कि स्नेह सम्मेलन एक ऐसा कार्यक्रम है जिसका इन्तजार सभी छात्राओं को सालभर से रहता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से शिक्षा के अलावा कई अन्य प्रतिभाएँ उभर कर सामने आती है। छात्राओं को सम्बोधित करते हुये कहा कि शिक्षा हमारे लिये नितांत आवश्यक है। शिक्षा केवल डिग्री लेना नहीं है यह एक ऐसा चमत्कारिक प्रयास है जिससे हम आत्मनिर्भर बनकर अपने जीवन के उद्देश्य प्राप्त कर सकते है। उन्होंने अल्बर्ट आईन्स्टिन की बात को रखते हुये कहा कि 100 मित्र के बराबर एक पुस्तक होती है परंतु एक अच्छा दोस्त अपको अच्छी बातें सीखा सकें आपको जीवन में आगे बढ़ने के लिये प्रेरित करता रहे वही आपका सच्चा हितैषी रहता है। उन्होंने कहा कि 24 से 25 वर्ष तक बहुत अच्छी मेहनत कर ले तो आप जीवनभर बहुत सुखी रहेगे क्योंकि आपके माता-पिता ने आपके लिये एक अच्छे पद पर जाने के लिये कई सपने देखे है। उनके सपनों को साकार करना आप सभी का कर्त्तव्य है। आप सभी सशक्त नारी के रूप में उभरकर उनके सपनो को पूरा करें।

विशेष अतिथि विशेष अतिथि श्रीमती अश्विनी निक्कु चौहान, अध्यक्ष, नगरपालिका बड़वानी, जिला-बड़वानी, ने अपने उद्बोधन ने छात्राओं को संबोधित करते हुये कहा कि स्नेह सम्मेलन एक ऐसा पल है जिसमें हम किताबो को छोड़कर बिना टेन्शन के सारे कार्यक्रम, प्रतियोगिता में भाग लेते है। आप अपने लक्ष्य पर फोकस रखियें और अपनी शिक्षा में हमेशा एक आदर्श बनाये चाहे वो आपके प्राचार्य या प्राध्यापक ही क्यों न हो। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भूतपूर्व मुख्यमंत्री शिवराज चौहान के सपने है कि हमारे देश की बेटियाँ आत्म निर्भर बने। आप सभी उनके सपनों को साकार करें एवं अपनी जिन्दगी में आगे बढ़े। विशेष अतिथि अब्दुल रहीम तिगाले जी ने अपने उद्बोधन में छात्राओं को संबोधित करते हुये उनके उज्जवल भविष्य की शुभकानाएँ दी।

अध्यक्ष डॉ. दिनेश वर्मा, प्राचार्य, श.भी.ना. शा. स्नातको. महावि. बड़वानी, जिला-बड़वानी ने कहा कि अब आप स्कूल से बाहर महाविद्यालय के जीवन में आ गये है और यहाँ आपका जीवन विश्लेषण परख हो गया है। एक शोध निकलकर आया है कि 85 प्रतिशत छात्राएँ प्रताड़ित है अपने परिचित से इसलिये आपको हमेशा अपना सिक्सथ का उपयोग करना चाहिये जिससे आप यह समझ सके कि कौन व्यक्ति आपका हितैषी है और कौन नहीं है। उन्होंने छात्राओं को बताया कि विकास की ओर बड़े क्योंकि विकास को कभी रोका नहीं जा सकता है जैसे यदि पेड़ बढ़ना शुरू हो जाता है तो वो विकसित होता जाता है वैसे ही आप विकास की ओर बढ़े। उन्होंने छात्राओं को मोबाईल का बेहतर उपयोग करने के लिये प्रेरित किया उन्होने पुरक प्रसंग के माध्यम से छात्राओं को प्रेरित कर अपनी वाणी को विराम दिया।

जनभागीदारी सदस्य एवं छात्रा अभिभावक श्रीमती सीमा मिश्रा ने कहा कि छात्राएँ हमेशा अपने धर्म के संस्कार एवं संस्कृति को अपनाए तथा महाविद्यालय को मंदिर मानकर आए। आप अपनी शिक्षा के प्रति पूरी ईमानदारी रखे एवं महाविद्यालय के प्रत्येक कार्यक्रम में सहभागिता करें। अतिथि उद्बोधन पश्चात महाविद्यालय में रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ हुआ जिसमें समूह, युगल एवं एकल नृत्य में कुल 42 प्रस्तुतियाँ छात्राओं द्वारा प्रस्तुत की गई। आभार प्रदर्शन डॉ. महेश कुमार निंगवाल द्वारा किया गया।

इस अवसर पर डॉ. कविता भदौरिया, स्नेहलता मुझाल्दा, डॉ. जगदीश मुजाल्दे, डॉ. मनोज वानखेड़े, डॉ. महेश कुमार निंगवाल, डॉ. दिनेश सोलंकी, डॉ. सुनीता भायल, डॉ. प्रियंका देवड़ा, प्रो. सीमा नाईक डॉ. विक्रम सिंह भिड़े,प्रो. अंकिता पागनिस, श्रीमती रेखा बिसेन, डॉ. तंजीम कायनात शेख, प्रो. शोभाराम वास्केल, डॉ. पद्मा आर्य, श्री कृष्णु यादव, प्रो. प्रियंका शर्मा, प्रो. आयुषी व्यास, श्री दीपक बिल्लौरे, श्री संदीप दासौंधी एवं समस्त महाविद्यालयीन स्टॉफ एवं छात्राएँ उपस्थित रही।

# सतना-मैहर-उमरिया टोल प्लाजा मैहर के सोनवारी टोल को लेकर सरपंच ने एमपीआरडीसी और ठेकेदार के मध्य हुए अनुबंध को सार्वजनिक करने की उठाई मांग




मैहर

मैहर बरही मार्ग स्टेट हाइवे 11 में एमपीआरडीसी ने एसएलएस मिनरल्स सतना उमरिया टोल वे प्राइवेट लिमिटेड को टोल वसूली का कार्य सौंप दिया है, जिसकी शुरुआत हो चुकी है,बताया जा रहा है प्रशासनिक सांठ गांठ बिठाकर बाहर के लडको को बिना पुलिस वेरिफिकेशन के बिना थाने में जानकारी दिए टोल में ठेकेदार बिठा चुका है, जो लोकल लडको को धौंस देकर बत्तमीजी भी करते है, सोनवारी सरपंच कृष्णा उपाध्याय ने कहा मध्यप्रदेश सरकार लोकल लोगो को रोजगार देने की मनसा से टोल की स्वीकृति देती है जिसमे ठेकेदार हद तक कार्य भी करते है, वही कई लोकल ट्रांसपोर्टर है उनके हितों की रक्षा भी होनी चाहिए ठेकेदार और एमपीआरडीसी के मध्य हुए अनुबंध की जानकारी सार्वजनिक होनी चाहिए,शासकीय तंत्र ने ट्रासपोटरो के हित में क्या निर्देश दिए है या नहीं दिए यह बात सार्वजनिक होना आवश्यक है,साथ इन दिनों भदनपुर से मैहर तक का मार्ग हादसों को लेकर जाना जाता है इस कारण दोनो टोल नाकों में एंबुलेश का होना आवश्यक है इस मामले को जिले की कलेक्टर संज्ञान ले उनके द्वारा ही न्यायचित निर्णय हो सकता है

## सुषमा मिश्रा सीएमओ नगर परिषद अमरपाटन के ड्राइवर ने कलेक्टर और एसडीएम को मानहानि का दिया लिखित आवेदन

# अधिकारी के बर्ताव पर की कार्यवाही की मांग

सतना, सतना जिले के अमरपाटन नगर परिषद का है जहां पर सुषमा मिश्रा सीएमओ के पद पर हैं उन्ही के ड्राइवर ने बताया की मेरी मम्मी की तबियत खराब थी तो मै कार्य मे देरी से पहुचा , तो मैडम से मिला ओर बोला मैडम मेरी मम्मी की तबियत ठीक नही थी इसलिए मै कार्य मे नाही आ पया तो मैडम ने बोला की जब तुम्हारी मम्मी मर जाति तो मै तुम्हारी परेशानी समझती ओर मुझे थप्पड़ मारने को भी कहा और कार्य से भगा दिया है । ड्राइवर का कहना है की मिश्रा मैडम ने मुझसे इस तरह से बात की और अक्सर आम लोगो से भी इनका बात करने का रवैया ऐसा ही रहता है। बड़े दुख की बात है एक पढ़े लिखें अधिकारी का इस तरह का बर्ताव अपने आप मे निंदनीय है, हाल ही में शाजापुर मे भी कुछ ऐसा हीं मामला सामने आया था साधारण ड्राइवर को औकात बताया गया था , परिणाम


मान्यवर,
सविनय निवेदन है कि मै विष्णु महात्मान पिता ...
...महात्मान नगर परिषद् अमरपाटन मे लगातार 8 वर्षो से चालक ...
...कार्य करता चला आ रहा हूँ। मेरी योग्यता स्नातक, कम्प्यूटर ...
...ईबी ड्रायविंग लायसेंस धारी हूँ। जबसे सी.एम.ओ. श्रीमती सुषम...
...गर परिषद् अमरपाटन में आयी है वह मुझे जाति सूचक शब्द ...
...वीपर बोलकर छुआ-छूत भावना एवं मेरे से घृणा करती है और मुझे ...
...कि तुम नाली सफाई का कार्य करोगे और जो मेरे साथ के कर्म...
...नको बाबू का पोस्ट दिया गया है जब कल ऑफिस में था तो मै...
...नाया और पूछा की उस दिन क्यों नही आये थे तब मैं मैडम से बो...
... मम्मी की तबीयत खराब हो गई थी जिससे मै कार्य पर नही अ...
... मैडम द्वारा कहा गया की जब तुम्हारी माँ मर जाती तब मैं ...
...शानी समझती एवं मुझे थप्पड मारने के लिये बोली। सी.एम.ओ...
...षद् अमरपाटन मैडम द्वारा आये दिन मुझे जाति सूचक शब्दों से बे...
... मेरे आत्म सम्मान को ठेस पहुँचाती रहती है।
अस्तु श्रीमान् जी से निवेदन उचित कार्यवाही किये जा...
...जाय।

कलेक्टर समेत पूरे मध्यप्रदेश ने देखा। ड्राइवर ने एक पत्र के माध्यम से एसडीएम और कलेक्टर दोनों को जानकारी दी अब देखना यह होगा कि इस मामले में क्या कार्यवाही होती है ।

## स्वर्गीय जुगुल किशोर बागरी की स्मृति में वसुधा क्रिकेट प्रीमियर लीग का शुभारंभ सतना विधायक सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू ने किया

# हिलौंधा टीम ने 110 रन से विजय हुई



**सतना, रैगांव** - स्वर्गीय श्री जुगल किशोर बागरी जी पूर्व मंत्री की स्मृति में बसुधा क्रिकेट प्रीमियर लीग शुभारंभ में पधारे सतना विधायक श्री सिद्धार्थ कुशवाहा जी सर्वप्रथम स्वर्गीय श्री जुगल किशोर बागरी जी के स्टैचू एवं छायाचित्र पर माला अर्पण कर उनको श्रद्धांजलि अर्पित की एवं सभी खिलाड़ियों से परिचय कर राष्ट्रगान की धुन पर दोनों टीम के खिलाड़ियों के साथ फीता काटकर एवं एक बाल खेल कर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया इस भव्य उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू भैया विधायक सतना विशिष्ट तिथि सीमा मनीष बागरी जनपद सदस्य, उदयराज बागरी सरपंच ग्राम पंचायत नबस्ता,शिक्षक कौशलेंद्र सिंह परिहार, सत्येंद्र सिंह परिहार कमेटी अध्यक्ष रूपेश बागरी वसुधा, विनोद कुशवाहा नयागांव,सुखेन्द्र बागरी हिलौंधा, पत्रकार धर्मेन्द्र रजक हिलौंधा,रोहित बागरी, अनूप मिश्रा आदि। मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों से परिचय लिया। उन्होंने कहा कि छोटे छोटे गांवो से प्रतिभाएं निकल कर गांव जिला का नाम रोशन कर रहे है। हिलौंधा टीम जीत हार्दिक शुभकामनाएं दी। हिलौंधा एंड उमरहट के बीच टास हुआ जिसमे हिलौंधा टीम ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लेते हुए हिलौंधा टीम ने 190 रन का लक्ष्य रखा जिसमे उमरहट टीम 80 रन बनाकर ऑल आउट हो गई। मैन ऑफ मैच रहे रब्बू बागरी हिलौंधा 65 रन बनाए । एव मैच मे निर्णायक भूमिका में सभी खिलाड़ियों ने निभाई इस मैच का आंखों देखा हाल कमेटी के अध्यक्ष रूपेश बागरी वसुधा ने सुनाया।

# मस्जिद मार्केट के टेलर से मारपीट, सैकड़ों लोगों ने किया कोतवाली का घेराव, पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



दमोह में मस्जिद के मार्केट में टेलरिंग का काम करने वाले टेलर के साथ शनिवार कुछ असमाजिक तत्वों ने मारपीट कर दी। कुद देर बाद विवाद बढ़ गया और सैकड़ों लोग कोतवाली पहुंच गए। जिसके बाद पुलिस ने चार लोगों पर मामला दर्ज करने के बाद पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला। जिला जेल के पास रात 9:30 बजे चार असामाजिक तत्वों ने टेलर अंसार खान के साथ गाली-गलौज करते हुए झूमाझपटी कर मारपीट कर दी। बीच बचाव करने पहुंचे हाफिज के साथ भी झूमाझटी की गई और उनकी गाड़ी में तोड़फोड़ कर दी। जैसे ही लोगों को ये जानकारी लगी तो बड़ी संख्या में लोग कोतवाली पहुंच गए और घेराव कर दिया। भारीभीड़ के बीच व्यवस्थाएं बिगड़ गईं। काफी संख्या में पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गया। रात 11 बजे तक थाने में गहमा-गहमी का माहौल रहा। इस मामले में पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ 294, 323, 506 और 427 धारा के तहत मामला दर्ज किया है। एक आरोपी को गिरफ्तार भी कर लिया है। इसके बाद पुलिस फोर्स ने पूरे शहर में फ्लैग मार्च निकाला। जानकारी के अनुसार हाफिज रिजवान जिला जेल के पास स्थित मस्जिद से रात 9:30 बजे घर के लिए लौट रहे थे। इस दौरान मस्जिद के मार्केट में अंसार टेलर की दुकान में चार लोग विवाद कर रहे थे। विवाद देखकर हाफिज ने हस्तक्षेप किया। इस बात पर उन लोगों ने उनके साथ झूमाझटकी कर दी। हाफिज इस मामले को लेकर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज करने पहुंचे। जैसे ही लोगों को इसकी जानकारी लगी तो वे लोग भी कोतवाली पहुंच गए और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर घेराव करने लगे। काफी देर यहां गहमा गहमी का माहौल रहा। इस संबंध में सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया कि टेलर की रिपोर्ट पर चार लोगों पर एफआईआर दर्ज की गई है। हाफिज के साथ झूमाझटकी हुई है। जिन लोगों का विवाद है वह हाफिज को नहीं जानती थे।

टेलर की रिपोर्ट पर चार लोगों पर मामला दर्ज किया गया है। आवेदक ने बताया कि लालू शर्मा उनकी दुकान पर कपड़े सिलवाने के लिए डालकर गए थे, जो उन्होंने सिलकर दे दिए थे। इसके साथ उन्होंने पुराने कपड़े भी सिलने के लिए दिए थे, जो सिल नहीं पाए। इस बात पर वह गाली गलौज करने के लिए दुकान पर आए थे। उनके साथ राजू ठाकुर, विक्की शर्मा सहित एक अन्य थे उन्होंने मारपीट कर दी। हाफिज ने बीच बचाव किया तो उनकी कॉलर भी पकड़ ली।

**रात भर हुई पुलिस की गस्त**

मामला बिगड़ते देख एएसपी संदीप मिश्रा, तहसीलदार, एसडीएम आरएल बागरी के साथ पुलिस फोर्स पैदल ही सड़कों पर उतरा और पूरी रात शहर में गस्त की गई ताकि किसी भी प्रकार के हालात न बिगड़ पाएं।

# भाभी ने नहीं दी तंबाकू तो नाराज देवर ने कुल्हाड़ी से कर दी भतीजे की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

जिले के ब्योहारी थाना क्षेत्र मे बीती रात एक दिल दहला देने वाली वारदात हुई। मामूली सी बात पर चाचा इस कदर नाराज हुआ कि उसने अपने सगे पांच साल के भतीजे के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार ब्योहारी थाना क्षेत्र के ग्राम बरकछ निवासी रामलाल कोल 35 वर्ष बीती रात करीब 9 बजे पड़ोस में रहने वाले अपने बड़े भाई के घर आया। उसने अपनी भाभी से तंबाकू मांगा। भाभी ने तंबाकू नहीं होने की बात कहकर उसे लौटा दिया। इस बात से आरोपी इतना आगबबूला हुआ




कि वह कुछ समय बाद फिर भाभी के घर आया। दरवाज़ा खटखटाने और देवर की आवाज सुनने के बाद भाभी ने दरवाज़ा नहीं खोला। आरोपी देवर ने पैर से धक्का देकर दरवाज़ा खोल लिया और अंदर आ गया। उस समय घर में आरोपी की भाभी व उसका पांच साल का भतीजा घर में मौजूद थे। आरोपी ने अपने हाथ में कुल्हाड़ी रखी हुई थी। उसने अपनी भाभी के हाथ में हमला कर उसे घायल कर दिया। इसके बाद आरोपी ने बिस्तर में सो रहे अपने 5 साल के भतीजे करन कोल के ऊपर भी कुल्हाड़ी से हमला किया और वहां से भाग गया। खून से लतपथ अपने जिगर को देख माँ ने चीखना चिल्लाना शुरू किया। जिस पर उसकी आवाज सुनकर पड़ोस के लोग आ गए। इसके बाद खून से सने हुए बच्चे को अस्पताल ले जाया गया, जहां उसने दम तोड़ दिया। सूचना मिलने के बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया। पता चला हैं कि आरोपी का बड़ा भाई काम के सिलसिले में अक्सर बाहर ही रहता है। बीती रात भी वह घर पर नहीं था। इसी दौरान उसके छोटे भाई ने तम्बाकू न दिए जाने से नाराज होकर इस वार दात को अंजाम दिया।

# कटनी के राहुल बाग में श्रीमद भागवत कथा का हुआ आयोजन

## जोरदार आतिशबाजी भजनसंकीर्तन व भव्य शोभायात्रा के साथ हुआ आगाज



कटनी, राहुल बाग में आगामी 2फरवरी से 9फरवरी तक श्रीमद भागवत कथा सप्ताह व दिव्य दरबार का विराट आयोजन किया जा रहा है। संकट मोचनधाम रानीपुर मऊरानीपुर के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 पं ऋषिकृष्णा शास्त्री जी महाराज श्रीमद भागवत कथा में भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं का विस्तार से वर्णन करेगे तथा दिव्य दरबार में स्वीकृत अर्जी पर लोगों की समस्या का समाधान भी करेगें। श्रीमद् भागवत कथा धार्मिक आयोजन हेतु भव्य ऐतिहासिक कलश यात्रा शुक्रवार 2 फरवरी दोपहर 1:00 बजे से घंटाघर से प्रारंभ हुई ।शोभायात्रा में दिववय दरबार श्रीमद भागवत कथा का बैनर अश्वरोही ध्वज लेकर सबसे आगे चल रहे थे ।इसके पीछे 500महिलाएं पीली साडियों में कलश लेकर चर रही थी ।कथा के यजमान श्री प्रवीण बजाज पप्पू भैया संगीता बजाज श्री राहुल बजाज श्रीमदभागवत कथा पालकी में भगवान को लेकर चल रहे थे ।महापौर श्रीमति प्रीति संजीव सूरी निगम अध्यक्ष श्री मनीष पाठक एवं पार्षद गण भी शोभायात्रा में साथ थे। शोभायात्रा में संजू नाकरा एवं नंदू खंताल द्वारा भजनों की मनमोहक प्रस्तुति पर मेरठ से आये भगवान श्रीकृष्ण राधा की वेशभूषा पर कलाकारों द्वारा शानदार नृत्य की प्रस्तुति की गयी ।शोभायात्रा मार्ग में विभिन्न समाजसेवी संस्थाओं द्वारा महाराज श्री का अभिनंदन कर आशीर्वाद लिया एवं स्वागत सत्कार किया ।शोभायात्रा सराफा बाजार कपड़ा बाजार सिल्वर टिकियामल चौराहा गर्ग चौराहा खिरहनी फाटक से होकर राहुल बाग पहुंची।

**कल 3 जनवरी से दिव्य दरबार श्रीमदभागवत** राहुल बाग में कल 3जनवरी से त्रिकालदर्शी दिव्य दरबार 3 से 9 फरवरी दोपहर 12:00 से श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह दोपहर 4.00 से शाम 7:00 बजे तक होगा। शनिवार 3 फरवरी को गणेआदिदेव पूजन भागवतकथा महात्म एवं मंगल चरण रविवार 4 फरवरी नारद संवाद पांडव चरित्र एवं श्री शुकदेव आगमन कुमार 5 फरवरी कपिलदेवहूति संवाद एवं ध्रुव चरित्र दरबार 6 फरवरी प्रहलाद चरित्र भगवान वामन अवतार श्री राम अवतार एवं कृष्ण जन्मोत्सव बुधवार 7 फरवरी श्री कृष्णबाल लीला माखन चोरी एवं गिरिराज पूजा छप्पन भोग गुरुवार 8 फरवरी महारास कथा मथुरा गमन उद्धव चरित्र श्री रुक्मणी विवाह महोत्सव शुक्रवार 9 फरवरी श्री सुदामा चरित्र कथा विश्राम एवं फूल होली महोत्सव शनिवार 10 फरवरी 10 फरवरी हवन पूर्णाहुति के साथ विशाल भंडारा के श्रीमद भागवत कथा का समापन ।दिव्य दरबार एवं श्रीमद भागवत कथा का साधना भक्ति चैनल से लाइव प्रसारण किया जायेगा।

**दुल्हन की तरह सजा विशाल पंडाल में समुचित व्यवस्थाएं** राहुल बाग में कथा स्थल को विशेष रूप से सजाने के लिये युद्ध स्तर पर तैयारियां चल रही है ।विशाल पंडाल के लिये डोम बनकर तैयार है जिसमें खूबसूरत विद्युतीय सजावट की गयी है ।कथा स्थल में श्रोताओं को आने जाने के लिये 4गेट रहेगे। ।महिलाओं पुरूषों की बैठक व्यवस्थाएं अलग अलग होगी। ।एक निश्चित स्थान पर चौपाटी की व्यवस्था की गयी है ।बता दे कि संकटमोचन सरकार द्वारा अर्जी स्वीकार होने पर व्यक्ति को महाराज जी स्वयं मंच से हजारों की भीड में बुलायेगे तथा संकटमोचन धाम दादागुरु के आशीर्वाद से समस्या का समाधान करेगे।

**इतिहास में कटनी का नाम अमर-महाराजश्री** संकटमोचन धाम पीठाधीश्वर कथा व्यास श्री श्री 1008 पं ऋषिकृष्णा शास्त्री जी महाराज ने कथा व्यास पीठ से कहा कि कटनी के इतिहास में पहली बार विराट कलश शोभायात्रा निकली है ।महिलाओं का अपार उत्साह रहा ।कटनी का नाम इतिहास के पन्नों पर अमिट हो गया ।महाराज श्री ने कहा कि कल 3जनवरी से दोपहर 12बजे से 3बजे तक दिव्य दरबार लगाया जायेगा ।कथा के अंत में सायं 7बजे से भी हरिकृपा तक दरबार लगाया जायेगा इसके बाद 89बजे से उनके निवास गौशाला में भी दरबार लगेगा ।उन्होंने कहा आप सभी ने बालाजी सरकार संकटमोचन के प्रति अपार आस्था श्रद्धा का परचम लहराया है मैं आप सभी के लिये पूरी तरह संकटमोचनधाम से प्रार्थना करूंगा आपके संकट का हरण करे।।

**अर्जी लगाने का नियम** अर्जी लगाने के लिये लोग अपने पूजा घर व हनुमान मंदिर में संकटमोचन धाम का 11बार स्मरण करते हुये एक सूखा नारियल लाल कपडे में लपेटकर रखे और इच्छानुसार द्रव्य रखकर एक दीपक प्रज्जवलित करें। ।अर्जी स्वीकार होने की प्रार्थना करे रोज पूजा करते समय स्मरण करे वायु बेग के जरिये आपकी आवाज संकट मोचन धाम तक पहुंचेगी।।

**शोभायात्रा में इनकी रही गरिमामयी मौजूदगी** श्रीमद भागवत कथा के आयोजक श्री प्रवीण बजाज (पप्पू भैया)एवं आस्था परिवार शिष्यमंडल श्री अभिलाष दीक्षित सीए श्री सुशील शर्मा श्री पप्पू अग्रवाल प्रकाश टिल्लू सिंघानिया पावस अग्रवाल श्री किशन तीर्थानी संजीव सूरी श्री नरेश अग्रवाल श्री गौरव सूरी पंकज अग्रवाल पप्पू सरावगी राजु अग्रवाल राजेन्द्र दुबे पप्पू भैया भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक टंडन सोनी पूर्व जिला अध्यक्ष रामरतन पायल केडीए अध्यक्ष पीताम्बर टोपनानी जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा सुनील उपाध्याय शिब्बू साहू रमेश सोनी सहित मोती बजाज प्रसन्न बजाज प्रफुल्ल बजाज मयंक अग्रवाल पप्पू सरावगी अजय सरावगी पंकज सरावगी केके सरावगी पंकज अग्रवाल रमेश कुमार शर्मा किशन लाल शर्मा किशन नंदी कंकाल नंदू कंटल गौरव राजा अग्रवाल वेंकट सोमानी राजू ताम्रकार अजय शर्मा राजेन्द्र नाहर गुरू हरीश जैन राकेश गौतम मामा संजय अग्रवाल भवानी तिवारी सहित आयोजन टीम की उपस्थिति रही ।आयोजन समिति ने नगर की धर्मप्रेमी जनता से अपील है कि अपनी समस्या के समाधान के लिये अर्जी लगा सकते है सभी से आग्रह है धार्मिक आयोजन को सफल बनाने अपनी सहभागिता निभाकर पुण्यलाभ अर्जित करें।



# आपधारियो तथा गुंडो के मध्य नए बेला चौकी प्रभारी ओशो गुप्ता का खौफ

## सतना में अपराधों में आई गिरावट

*सतना, जिले के रामपुर बघेलान बेला चौकी पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के निर्देशन पर अपराधियों के घर पकड़ के विशेष अभियान के तहत थाना बेला चौकी के पुलिस अधिकारी बड़े ही जोर शोर से एक नई ऊर्जा से युक्त होकर अपराधियों तथा बदमाशों की घर पकड़ में लगे हुए है। इस अभियान के तहत विभिन्न संदिग्ध कार्यों में लिप्त जैसे गांजा तस्तरों कोरेक्स अवैध शराब रखने तथा बेचने वाला को पता तलाश कर ढूंढ ढूंढ कर पकड़ा जा रहा है क्षेत्र मै जुआ खेलने से संबंधित प्रकरण पूरी तरह छुट्टी पर हैं अन्य सभी अपराधों में गिरावट आ रही है गुंडों तथा अपराधियों के मध्य नए पुलिस बेला चौकी प्रभारी ओशो गुप्ता गौरव शर्मा का खौफ बढ़ता ही जा रहा है क्षेत्र के आमजन नागरिक ऐसी लगातार कार्यवाहिओ को देखकर अत्यंत प्रशंत्र हैं तथा सुरक्षित महसूस कर रहे हैं उन्होंने आशा जताई है कि भविष्य में भी ये युवा पुलिस अधिकारी ऐसी ही तन्मयता के साथ कार्य कर आमजन को पूर्ण सहयोग देगें तथा आपने कर्तव्यों से सुरक्षित महसूस कराते हुए शहर बेला चौकी क्षेत्र गौरवान्वित करतें रहेगें*

### यूजीसी ने लिया बड़ा एक्शन

# 18 विश्वविद्यालयों को डिफॉल्टर घोषित किया




शहडोल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यूजीसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए शहडोल संभाग के पं. शंभू नाथ शुक्ल विश्वविद्यालय सहित मध्य प्रदेश के 18 विश्वविद्यालयों को डिफॉल्टर घोषित किया है। सभी विश्वविद्यालयों को छात्रों की शिकायत के निराकरण के लिए समिति के गठन और लोकपाल की नियुक्ति में लापरवाही का दोषी पाया गया है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों से की अपनी वेबसाइट और कैंपस के प्रमुख जगहों पर लोकपाल और छात्र शिकायत निवारण समिति की जानकारी फोन नंबर प्रदर्शित करें। इस कार्यवाही में देश के 421 विश्वविद्यालयों को लिया गया है। यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन यानी यूजीसी ने बड़ी कार्रवाई करते हुए देश के 421, म.प्र. के 18 विश्वविद्यालयों सहित शहडोल संभाग मुख्यालय स्थित पं. शंभूनाथ शुक्ल विवि को डिफॉल्टर घोषित किया है। सभी विश्वविद्यालयों को छात्रों की शिकायत के निराकरण के लिए समिति के गठन और लोकपाल की नियुक्ति में लापरवाही का दोषी पाया गया है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को निर्देश देते हुए कहा था कि अपनी वेबसाइट और कैंपस के प्रमुख जगहों पर लोकपाल और छात्र शिकायत निवारण समिति की जानकारी और फोन नंबर प्रदर्शित करें। इसके लिए 31 दिसंबर 2023 की डेडलाइन तय की थी, लेकिन दिए गए समय में इन विश्वविद्यालयों ने लोकपाल नियुक्त नहीं किए। लोकपाल की नियुक्ति संबंधी निर्देशों का पालन नहीं किए जाने के कारण मध्य प्रदेश के जिन 18 विश्वविद्यालय के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए डिफाल्टर घोषित किया गया है। यूजीसी ने विश्वविद्यालयों को 11 अप्रैल 2023 को छात्र शिकायत निवारण प्रकोष्ठ और लोकपाल की नियुक्ति का आदेश जारी किया था। इस नोटिस पर 30 दिन में कार्रवाई करके जवाब देना था। यूजीसी ने इसके बाद कई बार नोटिस जारी करके विश्वविद्यालयों को सतर्क किया। आखिर में 31 दिसंबर का अंतिम नोटिस का भी निर्देश नहीं मानने के बाद सभी विश्वविद्यालयों को डिफॉल्टर घोषित कर दिया गया। डिफाल्टर लिस्ट में आने वाले विश्वविद्यालयों को यूजीसी से मिलने वाली मदद पर संकट के बादल मंडरा सकते हैं। यूजीसी अपने रेग्युलेशन के तहत अनुदान रोक सकती है। सरकार की अन्य योजनाओं के तहत अनुदान को भी रोकने की कार्रवाई सकती है।

### श्रीकांत चतुर्वेदी ने बैठक में कहा

# मैहर सरपंच सचिव ग्रामीण क्षेत्रों पर विकास पर ध्यान दें बजट की कोई कमी नहीं



मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी आज मैहर जनपद पंचायत सभागृह में सरपंच सचिव रोजगार सहायकों की संयुक्त बैठक की इस बैठक में जनपद पंचायत मैहर के सीईओ प्रतिपाल सिंह बागरी जनपद सदस्य कुलदीप तिवारी एवं काफी मात्रा में सरपंच सचिव रोजगार सहायक एवं जनपद सदस्य उपस्थित रहे इस बैठक में सरपंच सचिव द्वारा बताए गए समस्या एवं ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल और विकास के मुद्दों पर चर्चा हुई जिस पर मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने सभी से कहा कि शहर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी स्थानी जनता की समस्या का निराकरण उनके छोटे-छोटे जरूरत के काम एवं गांव को मॉडल और आदर्श ग्राम बनाने के लिए गांव की साफ सफाई स्वच्छ पेयजल सड़क नाली बिजली खाद्यान्न सामग्री वितरण शासकीय स्कूल आंगनबाड़ी में स्वच्छ वातावरण वृद्धजनों की पेंशन और शासन द्वारा ग्रामीण क्षेत्र के स्थानीय लोगों के लिए चलाई जा रही सारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक स्थानीय लोगों को दिलाने का काम करें किसी प्रकार के बड़े निर्माण मैं कोई भी बजट की कमी नहीं आएगी बस हर पंचायत के सरपंच सचिव रोजगार सहायक मिलकर के ग्रामीण क्षेत्र के बारे में विस्तार से काम करें उस से क्षेत्र की समस्याएं भी काम हो जाएगी और गांव का वातावरण भी शुद्ध होता जाएगा मैहर विधायक श्रीकांत चतुर्वेदी ने कहा कि हर गांव में अच्छी सड़क नाली साफ सफाई व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए हर संभव प्रयास करना चाहिए जिसके लिए मैं हर संभव प्रयास करने का काम करूंगा अभी वर्तमान में गर्मी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है जिसको लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए बड़ी तैयारी करने के लिए निर्देश दिए गए हैं इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के कई जिला पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे !

# शाजापुर में मनाई गयी आराध्य देव श्री रामानंदाचार्य जी की जयंती वैष्णव बैरागी समाज ने महाआरती कर महाप्रसादी का करा वितरित








*शाजापुर, वैष्णव बैरागी समाज द्वारा शनिवार को स्थानीय गिरासिया घाट स्थित मंदिर परिसर में अपने आराध्य देव श्री रामानंदाचार्य जी की जयंती समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाआरती एवं महाप्रसादी का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक अरूण भीमावद, विशेष अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी नीरज वैष्णव, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष भगवानदास बैरागी (रिछोदा) थे। अध्यक्षता विष्णुदास बैरागी (वीडी बैरागी) ने की। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक श्री अरूण भीमावद ने कहा कि वैष्णव बैरागी समाज आदिकाल से सनातन धर्म के साथ जुड़ा हुआ है। बैरागी समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। समाज के उत्थान के लिए मेरे द्वारा भरपूर सहयोग दिया जाएगा। इस अवसर पर अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समाज की धर्मशाला निर्माण के लिए भी आधारशिला रखी गई। जिसमें वरिष्ठजनों द्वारा मार्गदर्शन दिया गया। कार्यक्रम के पूर्व श्री रामानंदाचार्य की महाआरती की गई इसके पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन विष्णुदास बैरागी ने किया एवं आभार बनवारीदास बैरागी ने माना। कार्यक्रम में धर्मेंद्र बैरागी, योगेश बैरागी, अनोखी बैरागी, गोपाल बैरागी, वरूणदास बैरागी, रामचंद्रदास बैरागी, राजेंद्र वैष्णव, शैलेंद्र वैष्णव, कपिल वैष्णव, महेंद्र बैरागी, ईश्वरदास वैष्णव, अनमोल बैरागी, भगवान दास बैरागी सहित बड़ी संख्या में समाज के महिला पुरूष उपस्थित थे।*

# लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न देने पर बोले अखिलेश वोट बैंक को बिखरने से बचाने के लिए सम्मान दे रही भाजपा



समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शनिवार को पूर्व उप प्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने अपने वोट बैंक को बिखरने से बचाने के लिए ये सम्मान दिया। बलरामपुर जिले में दिवंगत विधायक व पूर्व मंत्री एसपी यादव को श्रद्धांजलि देने पहुंचे अखिलेश यादव ने भाजपा के संस्थापक सदस्य आडवाणी को भारत रत्न दिए जाने के सवाल पर कहा कि भाजपा ने वोट बैंक को बिखरने से बचाने के लिए ये सम्मान दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पूर्व उपप्रधानमंत्री लालकृष्ण आडवाणी को देश के सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न से नवाजे जाने की घोषणा की और अपने लिए इसे ''एक अत्यंत भावुक क्षण बताया। यह भारत रत्न अपने वोट को बांधने के लिए दिया जा रहा॰ अखिलेश सपा प्रमुख ने संवाददाताओं से कहा कि यह भारत रत्न अपने वोट को बांधने के लिए दिया जा रहा है। यह सम्मान में नहीं दिया जा रहा है। यह सम्मान (भारत रत्न मिलना) तो है खैर, लेकिन अपने वोट को बांधने के लिए दिया जा रहा है। विपक्षी इंडिया गठबंधन में सीट बंटवारे को लेकर उन्होंने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर जिस स्तर पर बात होनी चाहिए, हो चुकी है तथा उनको जानकारी भी दी जा चुकी है। यादव ने कहा कि सीट बंटवारे को लेकर लगभग सहमति बन चुकी है। जीत और सीट के हिसाब से सीटों का बंटवारा होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस आलाकमान से उनकी बात हो चुकी है, सीटों के बंटवारे को लेकर कोई दुविधा नहीं है जानिए, कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने को लेकर क्या बोले अखिलेश? सपा प्रमुख ने राहुल गांधी नीत कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में शामिल होने को लेकर कहा कि अभी तक उनको न्योता नहीं मिला है, कई बार ऐसा हुआ है जब कार्यक्रम खत्म होने पर उनको बुलाया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने नीतीश कुमार के राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) में शामिल होने पर कहा कि भाजपा ने जाने कौन सा जादू कर दिया कि वह राजग में शामिल हो गए। उन्होंने कहा कि जातीय जनगणना का मुद्दा खत्म नहीं होगा बल्कि समाजवादी पार्टी इसे आगे बढ़ाएगी क्योंकि बाबा साहब आंबेडकर चाहते थे कि लोगों को उनकी आबादी के हिसाब से सम्मान मिले। सपा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर जारी पोस्ट में अखिलेश यादव के बलरामपुर दौरे का संदर्भ देते हुए उनके हवाले से कहा यह जो बेरोजगार इजराइल जा रहे हैं और अग्निवीर के लोग कपड़े उतार कर आंदोलन कर रहे हैं इनसे कैसे भाजपा बच पाएगी? और यह जो नयी आवाज उठी है पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) वाली, 90 प्रतिशत लोग इसमें शामिल है तो भारतीय जनता पार्टी कैसे बचेगी? एसपी यादव एक लोकप्रिय नेता थे॰ अखिलेश सिलसिलेवार पोस्ट में यादव ने कहा कि मैंने कई बार यह कहा कि कोई पुण्य काम होने जा रहा हो और पीडीए के लोग, 90 प्रतिशत आबादी वाले दुखी हो तो कैसे पुण्य होगा। जमीन घोटाला हुआ है वह भी अगर गोंडा, बलरामपुर, अयोध्या जैसी जगह पर तो सोचिए आप कि किस नाम पर इस सरकार में इस तरह का घोटाला हो रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा को चिंता इस बात की करनी चाहिए कि उनके सांसदों का प्रदर्शन क्या है। उत्तर प्रदेश, दिल्ली की सरकार उनकी रही, कहीं भी उन्होंने कोई कारखाना लगवाया हो तो बता दें। 40 लाख करोड़ का अगर निवेश उत्तर प्रदेश में आ रहा है तो बलरामपुर, गोंडा में निवेश क्यों नहीं आ रहा दिवंगत विधायक को श्रद्धांजलि देते हुए यादव ने कहा कि एसपी यादव एक लोकप्रिय नेता थे, वह जीवन भर गांव, गरीब, किसान के लिए संघर्ष करते रहें। समाजवादी पार्टी के वो संस्थापक नेता थे। हम लोगों ने उन्हें खोया है, हमारी पार्टी और इस परिवार की बहुत क्षति हुई है।

# अमेरिका ने इराक और सीरिया में शुरू किए जवाबी हमले

## करीब 40 लोगों के मारे जाने की आशंका



**इंटरनेशनल डेस्कः** हाल ही में जॉर्डन स्थित अमेरिकी के कैंप पर हुए ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी। अब इसके जवाब में अमेरिकी सेना ने शुक्रवार को ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड (आईआरजीसी) और उसके समर्थित मिलिशिया से जुड़े 85 से अधिक ठिकानों के खिलाफ इराक और सीरिया में हवाई हमले शुरू किए जिसमें कथित तौर पर 30 से अधिक लोग मारे गए। अमेरिकी हवाई हमलों को 'घोर आक्रामकता करार देते हुए इराक सरकार के प्रवक्ता बसीम अल अवदी ने सरकारी इराकी समाचार एजेंसी (आईएनए) को बताया कि अमेरिकी प्रशासन ने इराक की संप्रभुता का उल्लंघन किया जब उसके विमानों ने आकाशत और अल-कैम क्षेत्र तथा इसके साथ ही हमारे सुरक्षा बलों पर हवाई हमले किए। अल-अवदी ने उन रिपोर्टों का भी खंडन किया जिनमें दावा किया गया था कि सरकार और अमेरिका के बीच समन्वय था। ईरान के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता नासिर कनानी ने एक बयान में कहा कि हमले संयुक्त राज्य अमेरिका की एक और साहसिक और रणनीतिक गलती का प्रतिनिधित्व करते हैं जिसके परिणामस्वरूप केवल तनाव और अस्थिरता बढ़ेगी। बाइडेन बोले- कोई हमें नुकसान पहुंचाएगा तो चुप नहीं रहेंगे अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने एक बयान में कहा कि हमारी प्रतिक्रिया आज शुरू हुई है। यह दुश्मन स्थानों पर जारी रहेगी। बाइडेन ने कहा कि कोई अगर हमें नुकसान पहुंचाएगा तो हम चुप नहीं रहेंगे, उसका मुंहतोड़ जवाब देंगे। वहीं इससे अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन ने कहा कि उन्होंने सीरिया की सीमा के निकट पूर्वोत्तर जार्डन में किए गए ड्रोन हमलों का जवाब देने का मन बना लिया है। इससे पहले अमेरिकी बेस केंप में एक ड्रोन हमले में तीन अमेरिकी सैनिकों की मौत हो गई थी और 40 से अधिक घायल हो गए थे। अमेरिका ने हमले के लिए ईरान समर्थित आतंकियों को जिम्मेदार ठहराया था। हालांकि, मीडिया रिपोर्ट में हमलों के लिए समय सीमा का कोई जिक्र नहीं किया गया था।

# चिली के जंगलों में लगी आग ने मचाई भयंकर तबाही

## 46 लोगों की मौत, 1100 घर नष्ट



**सैंटियागोः** मध्य चिली में जंगलों में लगी भीषण आग के घनी आबादी वाले इलाके में फैलने से कम से कम 46 लोगों की मौत हो गई और लगभग 1,100 मकान जलकर खाक हो गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। चिली की गृह मंत्री कैरोलिना तोहा ने बताया कि वर्तमान में देश के मध्य और दक्षिण के 92 जंगल आग की चपेट में हैं, जहां इस सप्ताह तापमान असामान्य रूप से अधिक रहा है। वालपराइसो क्षेत्र में सबसे भीषण आग लगी, जहां अधिकारियों ने लोगों से अपने घरों को नहीं छोड़ने का आग्रह किया, ताकि दमकल की गाड़ियों, एम्बुलेंस और अन्य आपातकालीन वाहनों को आवाजाही में आसानी हो। तोहा ने मारे गए 19 लोगों के बारे में कोई विवरण नहीं दिया। वालपराइसो क्षेत्र में तीन आश्रय शिविर बनाए गये हैं। तोहा ने बताया कि बचाव दल अभी भी सबसे अधिक प्रभावित इलाकों तक पहुंचने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। तोहा ने बताया कि आग पर काबू पाने के लिए 19 हेलीकॉप्टर और 450 से अधिक दमकल कर्मियों को क्षेत्र में तैनात किया गया है।

# सेनेगल में 25 फरवरी को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव स्थगित



**डकारः** पश्चिम अफ्रीकी देश सेनेगल के राष्ट्रपति मैकी सैल ने कुछ उम्मीदवारों को लेकर विवाद और चुनाव से संबंधित मामलों में भ्रष्टाचार के आरोपों का हवाला देते हुए 25 फरवरी को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव को स्थगित कर दिया। सैल ने कहा कि उन्होंने चुनाव स्थगित करने के लिए एक आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। यह कदम ऐसे वक्त उठाया गया है जब अफ्रीका के सबसे स्थिर लोकतंत्रों में से एक सेनेगल में चुनाव प्रचार शुरू होने वाला था। सैल इस चुनाव में उम्मीदवार के रूप में नहीं उतरे थे। सैल ने मतदान के लिए नयी तारीख की घोषणा किए बिना कहा, ''उम्मीदवारों पर विवाद चुनाव से पहले और बाद में मुकदमेबाजी की शुरुआत करके चुनाव की विश्वसनीयता को गंभीर रूप से नुकसान पहुंचा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव लड़ने के लिए मंजूरी प्राप्त 20 उम्मीदवारों में से कुछ के पास दोहरी राष्ट्रीयता पाई गई, जो सेनेगल के संविधान के तहत उन्हें अयोग्य घोषित कर देगी। पूर्व प्रधानमंत्री अमिनाता टूर ने चुनाव स्थगित करने की आलोचना करते हुए इसे ''साजिश करार दिया। टूर ने कहा, ''लंबे समय से, उन्होंने इस प्रक्रिया को बाधित किया है। यह पहली बार है कि सेनेगल में राष्ट्रपति चुनाव स्थगित किया गया है।%% देश में महत्वपूर्ण चुनाव विवादों में घिर गया है। पिछले दिनों झड़पों के कारण सैल ने घोषणा की थी कि वह तीसरे कार्यकाल के लिए चुनाव नहीं लड़ेंगे।

## सरकारी एयरलाइन पीएआई को बेचेगा पाकिस्तान

# विमानों में ईंधन भरवाने के भी पैसे नहीं बचे



**इंटरनेशनल डेस्क** ॰नकदी के संकट से जूझ रहा पाकिस्तान अब पाकिस्तान इंटरनेशनल एयरलाइंस (पीआईए) का बोझ उठाने को तैयार नहीं है। हालात इतनी खराब हो गई है कि पीआईए के पास अपने विमानों में ईंधन भरवाने के भी पैसे नहीं हैं। कंपनी ने खुद के घाटे की भरपाई के लिए स्टॉफ की छंटनी के साथ-साथ घाटे वाले रूट पर विमानों का परिचालन भी बंद कर दिया है। इसके बावजूद भी पीआईए का घाटा रुकने का नाम नहीं ले रहा। अब पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार सरकारी एयरलाइन को बेचने की योजना पर काम कर रही है। 98 फीसदी पूरा हो गया है काम पीआईए को बेचने की योजना पर रिएक्शन देते हुए पाकिस्तान के निजीकरण मंत्री फवाद हसन फवाद ने कहा, हमारा काम 98 फीसदी पूरा हो गया है। शेष 2 प्रतिशत को कैबिनेट की मंजूरी के बाद एक्सेल शीट पर लाना बाकी है। आर्थिक संकट से जूझ रहे पाकिस्तान में पिछली निर्वाचित सरकारें इस सरकारी एयरलाइन की बिक्री सहित कई दूसरे अलोकप्रिय सुधार करने से कतराती रही हैं। लेकिन जून में, प्रशासन ने अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ 3 बिलियन डॉलर के बेलआउट समझौते के तहत घाटे में चल रहे राज्य के स्वामित्व वाले उद्यमों को खत्म करने पर सहमति व्यक्त की। कैबिनेट लगाएगी अंतिम मुहर आईएमएफ समझौते पर हस्ताक्षर करने के बाद सरकार ने अब पीआईए का निजीकरण करने का फैसला किया है। फवाद ने कहा कि लेनदेन सलाहकार अर्न्स्ट एंड यंग (ईएंडवाई) द्वारा तैयार की गई योजना को चुनाव के बाद प्रशासन का कार्यकाल समाप्त होने से पहले मंजूरी के लिए कैबिनेट में पेश किया जाएगा। उन्होंने कहा, कैबिनेट यह भी तय करेगी कि हिस्सेदारी टेंडर के जरिए बेची जाए या सरकार-से-सरकारी सौदे के जरिए। पाकिस्तान के निजीकरण मंत्री ने कहा, हमने केवल चार महीनों में वही किया है जो पिछली सरकारें एक दशक से अधिक समय से करने की कोशिश कर रही थीं।

## अंतरराष्ट्रीय हथियार तस्कर गिरफ्तार

# मणिपुर उपद्रवियों को किया था सप्लाई, इन इलाकों में सक्रिय है नेटवर्क

**नई दिल्ली** -राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों की सीमा पार तस्करी के नेटवर्क का भंडाफोड़ किया है और मिजोरम से एक मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया है। एजेंसी ने करीब एक महीने की सघन जांच के बाद इस नेटवर्क के लालनगैहौमा नाम के शीर्ष तस्कर को मिजोरम की राजधानी आइजोल से गिरफ्तार किया है। एनआईए के मुताबिक, तस्करी का यह नेटवर्क गुजरात, राजस्थान, कश्मीर समेत पूरे उत्तर-पूर्व के सीमावर्ती इलाकों में सक्रिय है। अब तक की जांच में पता चला है कि यह नेटवर्क अपराधियों के साथ आतंकी और अलगाववादी ताकतों के लिए काम करता है और उन्हें अब तक हथियार और गोला बारूद की बड़ी खेप मुहैया कराता रहा है। यही नहीं, अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सक्रिय देश विरोधी तत्व भी इस नेटवर्क से हथियार लेते रहे हैं। हिंसा में बड़ी संख्या में विदेशी हथियारों का इस्तेमाल मणिपुर में कूकी और मैतेई समुदायों के बीच हुई हिंसा में बड़ी मात्रा में विदेशी हथियार इस्तेमाल किए गए थे। पुलिस, अर्धसैनिक बल और सेना में पाया कि उपद्रवी जिन हथियारों का इस्तेमाल कर रहे थे।

वे उन्हें सीमा पार से आपूर्ति कराए गए थे। एनआईए ने 26 दिसंबर 2023 को मामला दर्ज करते हुए इसकी जांच शुरू की थी।

# बार-बार कहने पर भी नहीं लगाए 'भारत माता की जय' के नारे, केरल में भीड़ पर भड़की केंद्रीय मंत्री



**नेशनल डेस्क**॰ केंद्रीय मंत्री मीनाक्षी लेखी ने शनिवार को केरल के कोझिकोड में एक युवा सम्मेलन में दर्शकों के एक वर्ग पर उनके बार-बार ऐसा करने के लिए कहने के बावजूद भारत माता की जय का नारा नहीं लगाने पर नाराजगी जताई। भीड़ से बार बार कहने के बाद भी वहां मौजूद कुछ लोगों ने नारे नहीं लगाए। इस बात से ही मीनाक्षी को काफी दुख हुआ और वह नाराज हो गईं। स्पष्ट रूप से क्रोधित लेखी ने भीड़ से पूछा कि क्या भरत उनकी मां नहीं हैं और यहां तक कि एक महिला को सुझाव दिया, जो नारा लगाने में अनिच्छुक थी, कार्यक्रम स्थल से चली जाएं। इस सम्मेलन का आयोजन कुछ दक्षिणपंथी संगठनों द्वारा किया गया था। अपने भाषण का समापन करते हुए, वरिष्ठ भाजपा नेता ने भारत माता की जय का नारा लगाया और दर्शकों से इसे दोहराने के लिए भी कहा। क्या भारत आपकी माता नहीं है? चूँकि दर्शकों की प्रतिक्रिया अपेक्षा के अनुरूप नहीं थी, उन्होंने पूछा कि क्या भारत उनका घर नहीं है। उन्होंने कहा,%क्या भारत केवल मेरी ही माता है या आपकी भी माता है? क्या कोई संदेह है? संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि बाईं तरफ के दर्शकों की प्रतिक्रिया अभी भी खराब है। दर्शकों में से एक महिला की ओर इशारा करते हुए लेखी ने कहा,पीली (पोशाक) वाली महिला खड़ी हो सकती हैं। यहां-वहां मत देखिए। मैं आपसे बात करने जा रही हूं। मैं आपसे सीधा सवाल पूछने जा रही हूं।क्या भारत आपकी माता नहीं है? ऐसा रवैया क्यों? कार्यक्रम स्थल छोड़ने को कहा केंद्रीय मंत्री ने फिर भारत माता की जय के नारे लगाए। लेकिन महिला इसके बाद भी शांत खड़ी रही। इसके बाद मीनाक्षी लेखी ने कहा,मुझे लगता है आपको कार्यक्रम स्थल छोड़ देना चाहिए। मंत्री ने यह भी स्पष्ट किया कि जिसे देश पर गर्व नहीं है और जिसे भारत के बारे में बोलना शर्मनाक लगता है, उसे युवा सम्मेलन का हिस्सा बनने की जरूरत नहीं है।

# सिंगापुर में प्रयोगशाला में तैयार मांस का सेवन कर सकेंगे मुसलमान

**इंटरनेशनल डेस्कः** सिंगापुर में मुसलमानों को प्रयोगशाला में तैयार मांस का सेवन करने की अनुमति दी जाएगी बशर्ते इसके लिए इस्तेमाल कोशिकाएं हलाल जानवरों से ली गई हों और अंतिम उत्पाद में कोई गैर-हलाल घटक शामिल न हो। टुडे अखबार में शनिवार को प्रकाशित खबर के मुताबिक सिंगापुर के मुफ्ती डॉ. नजीरुद्दीन मोहम्मद नासिर ने कहा कि यह निर्णय इस बात का उदाहरण है कि फतवा शोध को आधुनिक तकनीक और सामाजिक परिवर्तन के साथ कैसे विकसित होना है। वह शुक्रवार को समकालीन समाजों में फतवा पर दो-दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। इस्लाम में, फतवे मुस्लिम समुदाय को धार्मिक जीवन के विभिन्न पहलुओं पर मार्गदर्शन से संबंधित फैसले हैं और मुफ्ती के रूप में जाना जाने वाला योग्य धार्मिक विद्वान इस्लामी कानून की औपचारिक व्याख्या करता है। मुस्लिम मामलों के प्रभारी मंत्री मासागोस जुल्किफली ने सम्मेलन के इतर संवाददाताओं से यह भी कहा कि प्रयोगशाला में तैयार मांस के मुद्दे पर 2022 से सिंगापुर इस्लामिक धार्मिक परिषद अध्ययन कर रही थी। टुडे ने मंत्री को उद्धृत किया, ''हम वास्तव में इस क्षेत्र में नेतृत्व करने वाले दुनिया के पहले देशों में से एक हो सकते हैं, हम न केवल प्रयोगशाला में मांस का उत्पादन कर रहे हैं, बल्कि यह भी सुनिश्चित कर रहे हैं कि यह मुसलमानों के उपभोग के लिए है। सिंगापुर के मुफ्ती नजीरुद्दीन ने कहा कि तकनीकी विकास और सामाजिक परिवर्तन होने पर धार्मिक अधिकारियों को अपने फैसलों में समायोजन की अनुमति देनी चाहिए।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती ज्योती मिश्रा द्वारा कॉम्पेक प्रिंटर्स प्रा. लि. फ्री प्रेस हाउस 3/54, प्रेस कॉम्पलेक्स, ए.बी. रोड, इंदौर से मुद्रित एवं 45ए गुप्ता चैम्बर पहली मंजिल जावरा कंपाउंड इंदौर, (म.प्र.) से प्रकाशित।
प्रधान सम्पादक : अशीष मिश्रा आर.एन.आई. पंजीयन क्रमांक : एमपी/एच/आइएन 2009/34385 फोन नं : 0731-4202569 फैक्स नं : 0731-4202569